# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 230 । नर्मदापुरम, मंगलवार 26 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

राजस्व महा अभियान में राजस्व प्रकरणों का निराकरण तेज गति से हो : संभागायुक्त पृष्ठ 3
संभल: देश को कौन जला रहा है? उपचुनावों में तृणमूल की जीत से ममता की इंडिया ब्लॉक में स्थिति मजबूत पृष्ठ 4
लायंस क्लब ने पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया पृष्ठ 6
एसएंडपी ने वित्त वर्ष 26-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया पृष्ठ 8

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की मांग

# संविधान की प्रस्तावना से नहीं हटेगा समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द

## समाजवादी शब्द भारत की कल्याणकारी राज्य की स्थिति को दर्शाता है : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिनमें समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने की मांग की गई थी। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनाया। याचिकाओं में इमरजेंसी के दौरान पेश किए गए प्रस्तावना संशोधन को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा कि प्रस्तावना में 1949 में संविधान को अपनाने की तारीख से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल करने के लिए 1976 में पूर्वव्यापी संशोधन किया गया था। 1976 में 42वें संविधान संशोधन के तहत प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द शामिल किए गए। सीजेआई ने क्या कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि संविधान में संशोधन करने की शक्ति संसद के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान में संशोधन करने की यह शक्ति प्रस्तावना तक भी फैली हुई है।

कोर्ट ने संसद के पूर्वव्यापी संशोधन के खिलाफ दलीलों को भी खारिज कर दिया और कहा कि संसद के संशोधन करने की शक्ति पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। मुख्य न्यायाधीश खन्ना के आदेश में यह भी साफ किया गया कि इकनॉमिक पॉलिसी चुनने में संसद की शक्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं है। पिछली सुनवाई में न्यायमूर्ति खन्ना ने पूछा था कि क्या याचिकाकर्ता नहीं चाहते कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश बने। न्यायमूर्ति खन्ना ने यह भी कहा कि समाजवादी शब्द 90 के दशक के बाद भारत के आर्थिक उदारीकरण के रास्ते में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी शब्द भारत की कल्याणकारी राज्य की स्थिति को दर्शाता है। पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, वकील विष्णु शंकर जैन और अन्य की दायर याचिकाओं में कहा गया था कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को संविधान में शामिल करना गैर जरूरी और अवैध है। ये शब्द लोगों की निजी स्वतंत्रता और धार्मिक भावनाओं पर असर डालते हैं। दरअसल, संविधान 1949 में अपनाया गया था। तब संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं थे। 1976 में इंदिरा गांधी की सरकार के दौरान 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द शामिल किए गए थे।

## दिल्ली में प्रदूषण कम होने तक ग्रैप-4 लागू रहेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण कम होने तक दिल्ली में ग्रैप–4 लागू रहेगा। साथ ही एयर क्वॉलिटी कमीशन से पूछा कि दो दिन में बताएं दिल्ली में जल्द स्कूल कैसे खुलेंगे। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि सिर्फ तकनीक के इस्तेमाल को बेहतर बनाने से न्याय की गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा। हमें समस्या का परमानेंट हल निकालना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से स्कूलों और कॉलेजों में शारीरिक कक्षाएं फिर से शुरू करने पर विचार करने को कहा, क्योंकि कई छात्रों के पास ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए मध्याह्न भोजन और बुनियादी ढांचे की कमी है।

### आयोग से पूछा, 2 दिन में बताएं दिल्ली में जल्द स्कूल कैसे खुलेंगे


लंदन पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से किया स्वागत, मीडिया से बोले मुख्यमंत्री

# निवेश के लिए अन्य देशों की यात्रा भी करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यूके में प्रवास के दौरान ब्रिटिश संसद परिसर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संसद परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले लंदन पहुंचने पर मुख्यमंत्री का प्रवासी भारतीयों, यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोराईस्वामी और प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भ्रमण के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में वे सभी संभावनाएं हैं, जिसके बल पर वह पूरे देश और दुनिया में बड़े पैमाने पर निवेशकों को आमंत्रित कर सकें। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का संतोष है कि आज ब्रिटेन में आए हैं, यहां से जर्मनी जाएंगे। समय मिला तो अन्य देशों में भी जाएंगे। मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसमें सफलता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद हमने औद्योगीकरण ही नहीं पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित अन्य सेक्टर में बड़े पैमाने पर संभावनाओं का अध्ययन किया है। इसलिए मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जनसुविधाओं के लिए पर्याप्त धन राशि के साथ राज्य में इन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना है तो हमें सभी तरह के निवेशकों को आमंत्रित करना होगा। स्वाभाविक रूप से मध्यप्रदेश में संभागीय स्तर पर जो रीजनल इन्डस्ट्री कॉन्क्लेव किए गए उनमें अच्छी सफलता प्राप्त हुई है। इस नाते देश में और दुनिया में विशेष रूप से यूके और जर्मनी जैसे कई देश हैं, जहाँ अनेक सेक्टर के निवेशक हैं, उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करना आवश्यक है। अनेक देशों के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश करने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसा प्रयास किया जाएगा कि नई टेक्नॉलाजी और विभिन्न प्रकार के अलग–अलग सेक्टर में इसका लाभ किस तरह मिल सकता है। ऐसे में सभी निवेशकों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के लिए जब हम भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कर रहे हैं, तो हमारा फर्ज बनता है कि हर जगह हम अपनी बात रखें।



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को ब्रिटिश संसद परिसर में पुष्पांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज ब्रिटिश संसद परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के संघर्ष में एक ऐसे अद्वितीय पराक्रम का प्रदर्शन किया था जिसके आधार पर पूरा देश आज भी गौरवान्वित है। अहिंसा के हथियार से दुनिया की बड़ी ताकत माने जाने वाली अंग्रेज सरकार को झुकाकर देश की आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अतुलनीय महत्व रहा है। ऐसे में हम उनको विनम्रता से स्मरण भी कर रहे हैं और उनके बताए अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने में हम सक्षम हों ऐसी प्रार्थना परमात्मा से करते हैं। इस अवसर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### आदित्य बने शिवसेना यूबीटी विधायक दल के नेता



**मुंबई, एजेंसी।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना यूबीटी ने आदित्य ठाकरे को विधायक दल का नेता चुना है। पार्टी के नेता अंबादास दानवे ने बताया कि मुंबई में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें आदित्य ठाकरे को नेता चुना गया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद आदित्य ठाकरे के सामने पूरे पांच साल तक अपने विधायकों को एकजुट रखने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। विधायक दल की बैठक उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से आदित्य ठाकरे को दोनों सदनों का नेता चुना गया। साथ ही पार्टी विधायक सुनील प्रभु को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया। विधानसभा चुनाव में शिवसेना उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा और पार्टी को सिर्फ 20 सीटों पर जीत हासिल हुई। आदित्य ठाकरे मुंबई की वर्ली सीट से चुनकर विधानसभा पहुंचे।

### संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया जाएगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। मुर्मु सुबह 11 बजे केंद्रीय कक्ष में पहुंचेगी, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उनका स्वागत करेंगे। समारोह के दौरान संविधान निर्माण के 75 साल पूरे होने पर स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा। इसके साथ ही संविधान निर्माण की झांकियों पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा।

### केंद्र ने उल्फा पर फिर बढ़ाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने सोमवार को असम को भारत से अलग करने के उद्देश्य से काम करना जारी रखने और जबरन वसूली और हिंसा के लिए अन्य उग्रवादी समूहों के साथ संबंध बनाए रखने के लिए यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया। उल्फा ने असम को भारत से अलग करने की घोषणा की। यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम को पहली बार 1990 में प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया था और तब से प्रतिबंध को समय–समय पर बढ़ाया जाता रहा है। एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि उल्फा, अपने सभी गुटों, शाखाओं और अग्रणी संगठनों के साथ, ऐसी गतिविधियों में शामिल रहा है जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक हैं।

संसद के शीतकालीन सत्र का पहला दिन चढ़ा हंगामे की भेंट

# अडानी व संभल पर विपक्ष हमलावर

## विपक्षी दलों ने दिया स्थगन का नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। 20 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र में 5 नए विधेयक पेश होंगे, जबकि वक्फ (संशोधन) समेत 11 अन्य विधेयकों को चर्चा के लिए लिस्ट किया गया है। सरकार इन विधेयकों को इसी सत्र में पास कराने की कोशिश में है, लेकिन विपक्ष कुछ मुद्दों पर आक्रमक है और उससे पूरा सत्र हंगामेदार रह सकता है।

यह सेशन कितना हंगामेदार रह सकता है इसकी बानगी पहले दिन ही देखने को मिली, जब अडानी और संभल मुद्दे पर चर्चा के लिए कांग्रेस और सपा ने जोरदार हंगामा किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। अब बुधवार कार्यवाही शुरू होगी। वहीं, संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। इस दौरान कांग्रेस ने अडानी समूह के रिश्वत मामले में और मणिपुर हिंसा मामले में दोनों सदनों में चर्चा कराए जाने की मांग की। विपक्षी दल दोनों ही मुद्दों पर सरकार से जवाब चाहते हैं। सोमवार को कई विपक्षी दलों के नेताओं ने रिश्वतखोरी के आरोप में अदाणी समूह के संस्थापक अध्यक्ष गौतम अदाणी और अन्य पर अमेरिकी अदालत में अभियोग चलाने के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन नोटिस दिया। लेकिन संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष ने बहस की अनुमति देने से इनकार कर दिया और कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

## अडानी मुद्दे पर संसद में चर्चा जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि संसद के सोमवार से शुरू हुए सत्र में उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे आरोपों को लेकर चर्चा आवश्यक है ताकि विदेशों में भारत की छवि रक्षा की जा सके। खड़गे ने कहा कि संसद सत्र शुरू होने के साथ ही सरकार को सबसे पहले अडानी प्रकरण पर विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को धूमिल कर सकता है। इंडिया गठबंधन की पार्टियां यही मांग कर रही हैं, क्योंकि करोड़ों खुदरा निवेशकों की मेहनत की कमाई दांव पर लगी है।

महाराष्ट्र में सरकार के गठन के प्रयास तेज

# मुख्यमंत्री के लिए फडणवीस का नाम माना जा रहा तय

## पहले की तरह 2 उप मुख्यमंत्री का फार्मूला भी पक्का



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री का ऐलान जल्द होने के आसर हैं। भाजपा से जुड़े सूत्रों का दावा है मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक एक मुख्यमंत्री और 2 उप मुख्यमंत्री का फॉर्मूला तय हुआ है।

महायुति की पार्टियों में हर 6–7 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला भी फाइनल हुआ है। इस हिसाब से भाजपा के 22–24, शिंदे गुट के10–12 और अजित गुट के 8–10 विधायक मंत्री बन सकते हैं। राज्य में 26 नवम्बर तक सरकार का गठन होना है। इसकी वजह ये है कि विधानसभा का कार्यकाल इस दिन खत्म हो रहा है, सरकार गठित न होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा। दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री में हुई बैठक में आदित्य ठाकरे को विधानसभा और विधान परिषद दोनों सदनों में पार्टी का संयुक्त नेता चुना गया है। भास्कर जाधव को शिवसेना के विधायक दल का नेता और सुनील प्रभु को चीफ व्हिप चुना गया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस्तीफे की पेशकश की है। हालांकि पार्टी ने उन्हें पद पर बने रहने के लिए कहा है। विधानसभा चुनाव में नाना पटोले ने ही कांग्रेस की टिकट बांटी थीं। उनकी लीडरशिप में कांग्रेस ने 16 सीटें जीतीं।

### नेता विपक्ष को लेकर संयुक्त दावा पेश कर सकता है एमवीए

विधानसभा चुनाव में किसी भी विपक्षी पार्टी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के लिए जरूरी सीटें नहीं मिली हैं। नियमानुसार विधानसभा सीटों की कम से कम 10 प्रतिशत सीटें जीतने वाली विपक्षी पार्टी को यह पद दिया जाता है। अगर कई पार्टियों ने इससे ज्यादा सीटें हासिल की हों, तो सबसे ज्यादा सीट वाली विपक्षी पार्टी को यह पद दिया जाता है। इस बार ऐसा नहीं है इसलिए एमवीए के संयुक्त एलाओपी पद का दावा कर सकती है। इस संबंध में राज्यपाल को पत्र लिखकर प्री–पोल अलायंस का तर्क दिया जाएगा।

दिल्ली में 80 हजार और बुजुर्गों को पेंशन

## 5 लाख लोगों को हर माह ढाई हजार तक मिलेंगे



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले हजारों बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है। आप सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन स्कीम को दोबारा शुरू करने का ऐलान किया। स्कीम में 80 हजार नए बुजुर्गों को और जोड़ा गया है। पहले 4.50 लोगों को इस स्कीम का फायदा मिलता था। अब पांच लाख से ज्यादा बुजुर्ग इस स्कीम के दायरे में आएंगे।

60 से 69 साल तक के बुजुर्गों को हर महीने 2000 रुपए दिए जाएंगे। वहीं 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 2500 रुपए महीना मिलेगा। स्कीम का ऐलान करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से वह जेल से बाहर आए थे। यह स्कीम उनको शुक्रिया अदा करने के लिए है। केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि, देश में बुजुर्गों को सबसे ज्यादा पेंशन दिल्ली में दी जा रही है। अन्य राज्यों में जहां डबल इंजन सरकार है वहां पेंशन बहुत कम है।

दिल्ली विवि छात्रसंघ चुनाव के नतीजे घोषित

# एनएसयूआई 7 साल बाद अध्यक्ष पद पर काबिज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** महाराष्ट्र चुनावों के बाद कांग्रेस के लिए दिल्ली से एक अच्छी खबर आई है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ डूसू में कांग्रेस की छात्र इकाई ने अध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई ने जीत दर्ज की है। वहीं उपाध्यक्ष और सचिव पद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के उम्मीदवार जीते हैं।



अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के रौनक खत्री ने जीत दर्ज की है। रौनक खत्री को कुल 20,207 वोट हासिल हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी एवं विद्यार्थी परिषद के उम्मीदवार ऋषभ चौधरी को 18,868 ही वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर विद्यार्थी परिषद के भानु प्रताप विजयी रहे। उन्हें 24,166 वोट मिले। सचिव पद पर विद्यार्थी परिषद की उम्मीदवार मृत्रवृंदा को जीत मिली। उनको 16,703 वोट मिले। वहीं संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई के लोकेश चौधरी ने जीत हासिल की। लोकेश चौधरी को 21,975 वोट मिले। छात्रसंघ के चार पदों के लिए 21 उम्मीदवार मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए आठ, उपाध्यक्ष पद के लिए पांच और सचिव और संयुक्त सचिव पद के लिए चार–चार उम्मीदवार मैदान में थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डूसू चुनाव में अध्यक्ष पद पर ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद पर भानु प्रताप सिंह, सचिव पद पर मित्रविंदा कर्णवाल व सह–सचिव पद के लिए अमन कपासिया को अपना उम्मीदवार बनाया था। इनमें से भानु प्रताप और मित्रविंदा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। वहीं एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रौनक खत्री को अपना उम्मीदवार बनाया था। उपाध्यक्ष पद पर यश नांदल एनएसयूआई के उम्मीदवार थे। एनएसयूआई ने सचिव पद पर नम्रता जेफ को मैदान में उतारा था और संयुक्त सचिव के लिए लोकेश चौधरी उम्मीदवार थे। इनमें से अध्यक्ष पद पर रौनक और संयुक्त सचिव पद पर लोकेश चौधरी चुनाव जीतने में कामयाब रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक मतगणना सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई। डूसू चुनाव के लिए मतदान 27 सितम्बर को हुआ था। कुल 145,893 मतदाता थे।

### संयुक्त सचिव के पद पर भी मिली जीत, उपाध्यक्ष-सचिव पद पर विद्यार्थी परिषद विजयी

भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ ने वापस ली याचिका

# मिल्कीपुर में उपचुनाव का रास्ता साफ

**लखनऊ, देशबन्धु।** अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। एक याचिका के कारण यहां उपचुनाव नहीं हो सका था। भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ ने लखनऊ हाईकोर्ट में दायर इस याचिका को वापस लेने के लिए अर्जी दी थी जिसे अदालत ने सोमवार को स्वीकार कर लिया।

भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ की याचिका वापस हो गई। अब चुनाव आयोग इस सीट पर जल्द चुनाव की घोषणा कर सकता है। मिल्कीपुर सीट जून से खाली है जब यहां के विधायक अवधेश प्रसाद सांसद बने थे। विधानसभा की किसी भी सीट को छह महीने तक रिक्त रखा जा सकता है। अगले महीने इस अवधि के पूरे होने के कारण उम्मीद है कि दिसंबर में चुनाव हो सकते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद बाबा गोरखनाथ ने कहा कि उन्होंने और एक अन्य निर्दलीय उम्मीदवार ने चुनाव याचिका वापस ले ली है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य यह है कि मिल्कीपुर की जनता को जल्द से जल्द प्रतिनिधित्व मिल सके। भाजपा नेता ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी इस सीट पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी। इस दौरान उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग याचिका वापसी का विरोध कर रहे थे, उनका सच सामने आ गया है। वकील ने बताया कि सपा की ओर से मांग की गई थी कि याचिका वापसी से पहले सभी संबंधित पक्षों को नोटिस दिया जाए। अदालत ने इस पर ध्यान देते हुए नोटिस जारी किए और नियमानुसार इसका विज्ञापन भी प्रकाशित किया गया। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका वापसी की मंजूरी दे दी। अब चुनाव आयोग किसी भी समय इस सीट पर उपचुनाव की तिथि घोषित कर सकता है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### समृद्धि के लिए सहकार उत्सव के रूप में मनेगा 2025

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 घोषित किए जाने के अवसर पर नेशनल अवॉर्ड प्राप्त सरिका घारू द्वारा प्राथमिक कृषि सहकारी एवम ऋण समितियों के



माध्यम से समावेशी आर्थिक विकास, सामाजिक समानता, समृद्धि और सतत विकास के उद्दाश्यों की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम मनोज कुमार सरियाम पंजीयक सहकारी सस्थाएं मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन में किया गया। सारिका ने बताया कि इस वर्ष के दौरान किसान उत्पादक संगठनों का गठन, सहकारी बैंकों को मजबूत बनाना, सहकारी शक्कर मिलों का पुनरुद्धार, पंचायतों में बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापन जैसी गतिविधियां की जाएंगी। इनके माध्यम से समृद्धि एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम किए जायेंगे।

### आंखों की जांच करा रहे किसान के बैग से सवा लाख रुपए उड़ाए

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में स्थित एक चश्मे की दुकान पर आंखों की जांच कराने गये एक किसान के सवा लाख रुपए अज्ञात ने उड़ा लिये। किसान अपनी उपज का भुगतान लेकर आया और अपनी जांच कराने चिकमंगलूर चौराह के पास स्थित एक आप्टिकल की दुकान में गया। जब आंखों की जांच करा रहा था, तब किसी ने उसके बैग से रुपए उड़ा लिया। घटना सामने की होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। किसान ने घटना के विषय में इटारसी पुलिस थाने में एक आवेदन दिया है।

मामले में पुलिस ने आवेदन लेकर जांच प्रारंभ की और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है। डोलरिया के ग्राम मंगवारी निवासी किसान पंकज दीवान आत्मज सुरेश दीवान ने अपनी धान की फसल इटारसी मंडी में बेचने के बाद अशोक दाल एंड आयल मिल इटारसी सराफा बाजार से 1,14,593.00 रुपए का भुगतान प्राप्त किया जिसके बाद वे मुख्य बाजार जयस्तंभ के समीप, राजा ऑप्टिकल पर आंखों की जांच हेतु गया, जहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैग से रुपए निकाल लिए। किसान ने पुलिस ने निवेदन है किया है कि उचित कार्यवाही कर मुझे मेरे मेहनत के पैसे वापस दिलाएं।

**इनका कहना है**

इस मामले में जानकारी डिटेक्ट हो गयी है, फिलहाल में बाहर हूं, कल आकर आगे कार्यवाही की जाएगी और प्रयास किया जाएगा कि संबंधित के पैसे वापस दिलाये जाएं, सिवनी मालवा पदस्थापना के दौरान हमने कुछ मामलों में पैसे वापस कराये हैं।

**- गौरव सिंह बुंदेला,** टीआई

### कांग्रेस संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने जिला प्रभारी, सहप्रभारी बनाए

**इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में चली दो दिवसीय बैठक के उपरांत वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं



की रायशुमारी में हुये निर्णयानुसार कांग्रेस के संगठनात्मक जिलों में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने की दृष्टि से जिला प्रभारियों और सहप्रभारियों की नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जारी जिला प्रभारियों-सहप्रभारियों की सूची अनुसार प्रदेश भर के 71 संगठनात्मक जिला (ग्रामीण) और शहर में प्रभारी बनाये गये हैं। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी सूची में नर्मदापुरम प्रभारी सुखदेव पांसे, सहप्रभारी-असमत सिद्दीकी गुड्डू, बैतूल प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्याय, सहप्रभारी अजय दांतरे को कांग्रेस संगठन में जिला प्रभारी, सह प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

### जातिगत अपशब्द और मारपीट का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली तहसील के ग्राम जामली निवासी भागवतराव खादीपुरे ने भीमपुर तहसील के ग्राम झापल निवासी श्याम प्रसाद राठौर पर जातिगत गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने पुलिस अधीक्षक और अनुसूचित जाति जनजाति थाना को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार घटना 24 नवंबर की है। पीड़ित भागवतराव खादीपुरे ने बताया कि वह अपने ट्रैक्टर से किसानों की धान पिसाई का काम पूरा कर लौट रहे थे। शाम 4 बजे के करीब जब वह झिटूढाना के पास पहुंचे, तो श्याम प्रसाद राठौर ने अपने ट्रैक्टर को तेजी से चलाते हुए उनके ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जब पीड़ित ने ट्रैक्टर धीरे चलाने की बात कही, तो अपशब्द कहने शुरू कर दिए। पीड़ित ने बताया कि अनावेदक ने उन्हें ट्रैक्टर से नीचे उतारकर हाथ-मुक्कों से मारपीट की और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित के साथ उनके सहयोगी जयसिंग ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन उसे भी गाली दी और ट्रैक्टर में रखी रॉड से हमला करने की कोशिश की।

अतिक्रमण हटाने गये नपा अमले से की अतिक्रमण कारियों ने बहस

# सीएमओ की गाड़ी के नीचे लेटा अतिक्रमणकारी, पुलिस ने हटाया





### एक पखवाड़े पूर्व हटाया था अतिक्रमण, फिर वापस गये थे अतिक्रमणकारी

**इटारसी, देशबन्धु।** अतिक्रमण हटाने के दौरान आज रेलवे स्टेशन के सामने एक अतिक्रमणकारी दुकानदार सीएमओ की गाड़ी के नीचे घुस गया और अतिक्रमण हटाने का विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने उसे वाहन के नीचे से निकाला। इसके बाद सीएमओ मौके से चली गयीं। इस दौरान दुकानदारों और अतिक्रमण अमले में शामिल कर्मचारियों की बहस होती रही और रेलवे स्टेशन के सामने जाम लग गया। दुकानदारों ने कहा कि गरीबों को ही अतिक्रमण के नाम पर हटाया जाता है, हम यहीं रहेंगे, चाहे जो हो जाए, हम यहां से कहीं नहीं जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पूर्व नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी अमले ने पुलिस थाने के सामने से रेलवे स्टेशन के पास तक मार्ग किनारे के अतिक्रमण हटाये थे। यहां पेविंग ब्लॉक लगाने की योजना है, लेकिन अब तक यहां काम शुरु नहीं होने के कारण लोगों ने फिर अस्थायी रूप से हाथठेलों पर खानपान सामग्री बेचना शुरु कर दिया था। रेलवे स्टेशन रोड पर वाहन स्टैंड के गेट के किनारे से गुरुद्वारा भवन के पास तक कुछ लोग टप आदि रखकर अंडे, आमलेट और अन्य खानपान का सामान बेचते हैं और यहीं सामने की शराब दुकान से लाकर लोग शराब पीते हैं। सूचना पर आज पुन: नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाया है। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने सीएमओ की गाड़ी के सामने खड़े होकर रोक लिया और बहस की। इसी दौरान बातचीत करते एक दुकानदार सीएमओ की गाड़ी के नीचे घुस गया। पुलिस ने मुश्किल से उसे बाहर निकाला।

नगर पालिका ने सोमवार को एमजीएम कॉलेज रोड से माता मंदिर अस्पताल रोड पर किये अतिक्रमण को सबसे पहले हटाया। यहां कुछ लोगों ने अतिक्रमण करने के उद्देश्य से छोटी-छोटी मढ़िया बना दी हैं, जिनकी न तो कोई प्राण प्रतिष्ठा हुई है और ना ही कोई पूजा आदि करता है। यहां एक हार्डवेयर व्यापारी का मटेरियल पड़ा रहता है। कुछ लोगों ने यहां टप रख लिये थे। नगर पालिका ने टप को हटाया और दुकानदार से मटेरियल हटाने को कहा है। दुकानदार ने मटेरियल हटाना भी प्रारंभ कर दिया था।

#### इनका कहना है

कुछ लोगों ने विरोध स्वरूप हमारी गाड़ी के सामने आकर कहा था कि हमें जगह दो, हम कहां जाएं? अमले को देख पहले वे रेलवे स्टेशन परिसर में चले गये, फिर वापस आते, हमने टप उठवाये तो वाहन के सामने आ गये। पुलिस ने उनको हटाया। यहां पेवल ब्लॉक लगाने का काम होना है।

**- ऋतु मेहरा,** सीएमओ नपा

# मंडल रेल प्रबंधक ने 20 कर्मचारियों को किया सम्मानित



**इटारसी, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझबूझ और सजगता से कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 20 रेलवे कर्मचारियों को मंडल कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया।

इन कर्मचारियों ने असामान्य परिस्थितियों में अद्वितीय कौशल और तत्परता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोका और रेल परिचालन को सुरक्षित बनाया। इन कर्मचारियों में संतोष कुमार शर्मा (स्टेशन प्रबंधक) बीना, सुखदेव यादव (उप स्टेशन प्रबंधक) पगढाल, रितेश यादव (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, आकाश रघुवंशी (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, सुदीप मालवीय (ट्रेन मैनेजर) भोपाल, अमित तिवारी (ट्रेन मैनेजर) बीना, रोहित पवया (वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर) बीना, एसएल मीना (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, शाबिया खान (ट्रेन मैनेजर) बीना, श्रषी कश्यप (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, सोनू कुशवाहा (कांटेवाला) गुलाबगंज, सोनू कुमार (ट्रेन मैनेजर) गुना, देवाशीष देवेश (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, अजय कुमार (कांटेवाला) सलामतपुर, बासुदेव कुमार साहू (पैसे. ट्रेन मैनेजर) इटारसी, राजू लाल मीना (लोको पायलट) बीना, रमेश कुमार रैकवार (सहायक लोको पायलट) बीना, एम पी जैन (लोको पायलट) भोपाल, मो. जीशान कुरैशी (सहायक लोको पायलट) भोपाल, जसमन (कीमैन) बानापुर द्वारा अपनी ड्यूटी के दौरान सूझ बूझ और सजगता से कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने का सराहनीय कार्य किया गया। इसके लिए मण्डल रेल प्रबंधक ने उन्हें मण्डल कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने-अपने कार्य के प्रति समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ और सतर्क रहने वाले रेल कर्मियों के कार्यों की सराहना की और भविष्य में इसी उत्साह, लगन एवं सतर्कता से कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस ने 3 दिन में 16 बुलेट के पटाखा साइलेंसर निकाले



**इइटारसी, देशबन्धु।** ट्रैफिक पुलिस ने इन दिनों पटाखा सायलेंसर वाली बुलेट के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रा में अभियान चलाकर पिछले तीन दिन में 16 वाहनों के सायलेंसर निकाले और उनको नष्ट किये। इस दौरान वाहन चालकों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी किया है। ट्रैफिक इंचार्ज के अनुसार यह कार्रवाई अब लगातार चलेगी। ऐसे बुलेट चालकों को अपनी वाहन से पटाखा सायलेंसर निकाल देना चाहिए, ताकि अप्रिय कार्रवाई से बच सकें।

फटाखा साइलेंसर वाले वाहन चालकों के खिलाफ एसबीआई चौराहे के अलावा अन्य क्षेत्रों में लगातार चल रही कार्रवाई के बाद सड़कों पर ऐसी बुलेट की आवाज कम हो गयी है। लोगों ने या तो बुलेट निकालना बंद कर दिया है या फिर पुलिस को देखकर रास्ता बदल रहे हैं। यातायात प्रभारी सुनील घाबरी ने कहा कि फटाखा साइलेंसर वाली बुलेट के साइलेंसर निकाले और एक-एक हजार रुपए का जुर्माना किया है। अब तक लगभग 16 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है और यह लगातार चलेगी।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पर्यावरण प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए की गई। फटाखा साइलेंसर और बुलेट आवाज वाले साइलेंसर वाहनों से निकलने वाली आवाज को बढ़ाते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण होता है। इससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर भी प्रभाव पड़ता है, ऐसे वाहन चालकों को समझदारी दिखाते हुए अपने वाहनों से स्वयं पटाखा सायलेंसर निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर को पटाखा सायलेंसर युक्त वाहनों से मुक्त करना है, इसलिए यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# एमजीएम कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित



**इटारसी, देशबन्धु।** भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार भारतीय संविधान दिवस 26 नवंबर के उपलक्ष्य में शासकीय महात्मा गांधी स्मृति महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

महाविद्यालय में आज प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता, स्वामी विवेकानद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पीके अग्रवाल एवं राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुशीला वरवड़े ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया।

प्रतिभागियो को संबोधित करते हेतु डॉ राकेश मेहता ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य संविधान के आदर्शों एवं सिद्धांतों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा युवा पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति उनके अधिकारों एवं दायित्वों का ज्ञान कराना है। श्रीमती वरवड़े ने कहा कि भारतीय संविधान लिखित है और श्रेष्ठ है जिसमें सभी को समान अधिकार प्रदान किया है, अत: संविधान की जानकारी का प्रसार-प्रचार आवाश्यक है।

प्रश्न मंच कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। राजनीति विभाग के डॉ. दुर्गेश कुमार लसगरिया एवं डॉ.योगेश गौर ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. व्हीके कृष्णा, डॉ.ओपी शर्मा, डॉ.अरविंद शर्मा, डॉ.अंसुता कुजूर तथा अन्य प्राध्यापक स्टाफ उपस्थित रहा।

# अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर पर पांच विधाओं में एमजीएम ने परचम लहराया

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय एमजीएम महाविद्यालय इटारसी के विद्यार्थियों ने अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित पांच विधाओं में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का परचम लहराया। युवा उत्सव की 22 विधाओं में आठ जिले के प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की जिसमें भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, एवं बैतूल जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता में शासकीय एमजी महाविद्यालय इटारसी की छात्रा तृप्ति ओंकार ने पक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया कोमल मनवारे वाद- विवाद प्रतियोगिता के विपक्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



स्थल चित्रण में अभिषेक सोनी द्वितीय स्थान प्राप्त किया कार्टूनिंग प्रतियोगिता में मयूर चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एकांकी विधा में भी ओम सिंह, अभिषेक सोनी, हितेश मेहरा, इशिका पांडे ,मयंक कनौजिया, गीता चौहान एवं ग्रुप ने तृतीय प्राप्त किया। सफलता की सबसे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि विद्यार्थी महाविद्यालय के प्रतिष्ठा दिलाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों से महाविद्यालय की पहचान स्थापित होती है। सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। आगे भविष्य में अपनी-अपनी विधाओं में मानक स्थापित करेंगे ऐसी शुभकामनाएं देती हूं। महाविद्यालय परिवार ने भी सफलता पर बधाई दी।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में प्रांताध्यक्ष ने किया दावा

### सरकार पेंशनरों के हाथ जोड़कर मांगों को पूरा करने विवश होगी



**इटारसी, देशबन्धु। राज्य** विभाजन आयोग की धारा 49 (6) की आड़ में सरकार पेंशनरों का हक मार रही है, हमने उच्च न्यायालय में चुनौती दी है, आप निश्चित मानिये सरकार को मुंह की खाना पड़ेगी। अब तक हम सरकार के हाथ जोड़ रहे थे कि सरकार हमारे साथ न्याय करे, पर सरकार के कानों जूं नहीं रेंग रही थी। हमने न्यायालय के माध्यम से ऐसी परिस्थिति बनाई कि सरकार पेंशनरों के हाथ जोड़कर उनकी मांगों को पूरा करने के लिए विवश होगी।

उक्त उदगार पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन इटारसी के तहसील स्तरीय सम्मेलन में प्रांताध्यक्ष आमोद सक्सेना ने व्यक्त किये। तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश पटैल ने बताया कि आज पत्रकार भवन में दोपहर 2 बजे पेंशनरों का तहसील स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए। अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर मदनमोहन दुबे ने की। भोपाल से पधारे सभी अतिथियों का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया। सम्मेलन में प्रांतीय संरक्षक गणेश दत्त जोशी, प्रांतीय सचिव आरजी माथुर प्रांतीय पदाधिकारी संतोष ठाकुर, जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी आदि ने भी अपने विचार रखे। संचालन रामचरन नामदेव व आभार सुरेश रघुवंशी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह में भागीदारी का अवसर

### जय मां भारती नृत्य उत्सव के लिए महिला/पुरुष कलाकारों से आवेदन आमंत्रित

**इटारसी, देशबन्धु।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और संगीत नाटक अकादेमी द्वारा जय मां भारती नृत्य उत्सव 2025 के लिए महिला एवं पुरुष कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। यह नृत्य उत्सव 76 वे गणतंत्र दिवस समारोह का विशेष भाग होगा, जिसमें देशभर से लोक और जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

संगीत नाटक अकादमी के प्रवीण दुरेजा ने बताया कि इस उत्सव में भाग लेने के लिए कलाकार 3 मिनट की अपनी नृत्य प्रस्तुति का वीडियो भेज सकते हैं। चयनित समूह 27 दिसंबरसे 26 जनवरी तक दिल्ली में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी नृत्य प्रतिभा को देश के सबसे बड़े मंच पर प्रदर्शित करें।

**आवेदन के लिए पात्रता एवं नियम -** प्रतिभागियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रस्तुतियां केवल लोक और जनजातीय नृत्य शैलियों पर आधारित होनी चाहिए। समूह में 10 से 15 कलाकार होने चाहिए। वीडियो का अधिकतम समय 3 मिनट तक सीमित हो। एक से अधिक प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। वीडियो जमा करने की समय सीमा 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक है। आवेदन भेजने के लिए दिए क्यूआर कोड को स्कैन करें और विवरण प्रस्तुत करें। चयनित प्रतिभागियों को कार्यक्रम अवधि के दौरान दिल्ली में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। दिल्ली में रहने, खाने-पीने और परिवहन की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी

# गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 105 बच्चों को स्वेटर प्रदान किये

**इटारसी, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम सोनतलाई में गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्कूली बच्चों को 105 ऊनी स्वेटर का वितरण किया। इन कार्यकर्ताओं ने मातापुरा सोनतलाई में आज 25 नवंबर 24 को शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला मातापुरा, संकुल केंद्र बिछुआ, विकासखंड केसला में 105 ऊनी स्वेटर का वितरण किया।

इस कार्य में ग्राम निवासी अंकित मालवीय, डॉ. मनीष यादव, दुर्गेश यादव ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में बच्चों के पालक तथा संस्था के सदस्य शिक्षक दिलीप कुमार यादव, प्रभारी प्रधान पाठक, हरिओम यादव, मनीष यादव, सुखराम यादव, दलपत चीचाम, श्रीमती सोनिका



वर्मा एवं प्राथमिक शाला बिछुआ से प्रभारी प्रधान पाठक घनश्याम सिंह मीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्वेटर वितरण का शाला परिवार की ओर से आभार दिलीप यादव ने व्यक्ति किया।

# लगातार ठिठुरन बढ़ा रही उत्तर की सर्द हवाएं

**इटारसी, देशबन्धु।** उत्तर की सर्द हवाएं लगातार ठिठुरन बढ़ा रही हैं। तापमान नीचे जा रहा है, इससे लगता है कि दिसंबर काफी ठंडा होने वाला है और नवंबर के इस अंतिम सप्ताह में मौसम का मिजाज ऐसे ही रहने वाला है।

दरअसल उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है और उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं ने यहां का तापमान भी गिरा दिया है। इटारसी का तापमान आज निम्नतम 12.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अधिकतम तापमान 29 डिग्री तक रहा। अगले पांच दिनों तक यहां का तापमान कमोवेश ऊपर-नीचे होता रहेगा, लेकिन इसमें अधिक उतार-चढ़ाव नहीं होगा। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार इटारसी का अगले पांच दिनों के अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री की और निम्नतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आ सकती है। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं ने मध्यप्रदेश में भी ठिठुरन बढ़ा दी है है। इस माह का यह अंतिम सप्ताह लगभग ऐसा ही रहे वाला है। आने वाले दिनों में रात के तापमान में और अधिक गिरावट आने से ठंड और कोहरे का मौसम बना रह सकता है। इन दिनों सुबह और रात के वक्त कोहरा देखा जा रहा है। उत्तर भारत में बर्फबारी के कारण वहां की सर्द हवाओं ने तापमान में गिरावट दर्ज करायी है और आने वाले दिनों में शीतलहर चलने के आसार बन रहे हैं।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### कर्त्तव्य निर्वहन में लापरवाही के चलते एक लाइन परिचारक निलंबित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कर्त्तव्य निर्वहन में लापरवाही के चलते एक लाइन परिचारक को निलंबित कर दिया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नर्मदापुरम के उप महाप्रबंधक अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि वरिष्ठ लाइन परिचारक श्री हरि गिरी गोस्वामी नर्मदापुरम ग्रामीण वितरण केन्द्र में पदस्थ हैं। चैकिंग के दौरान इनके कार्यक्षेत्र ग्राम अंधियारी में 3 विद्युत कनेक्शन अवैध रूप से चलते पाए गए। जबकि पूर्व सीजन में भी यहां पर वैध कनेक्शन नहीं हुए थे। वैध कनेक्शन नहीं होने से कंपनी को राजस्व की हानि हुई है। हरि गिरी गोस्वामी ने अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करने में लापरवाही बरती है, इसलिए आरोपों के चलते उनपर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच संस्थापित कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान हरि गिरी गोस्वामी को पिपरिया संभाग अंतर्गत बनखेडी वितरण केन्द्र में संबद्ध किया गया है।

### नपा द्वारा घर-घर जाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम नगर पालिका द्वारा आयुष्मान योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। नगरपालिका के कर्मचारी, जिनमें एआरआई और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं, घर-घर जाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। इस प्रक्रिया को आसान और त्वरित बनाने के लिए नगरपालिका ने विशेष व्यवस्था की है ताकि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उन्हें स्वास्थ सुरक्षा के लाभ मिल सकें। इस अभियान की गति को और बढ़ाने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। कंट्रोल रूम के माध्यम से कर्मचारियों की प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अभियान में कोई भी व्यक्ति छूट न पाए।

### नेशनल हाइवे गोंडू मंडई चौराहे का बंद पड़ा है हाई मास्क लाईट



**चिचोली, देशबन्धु।** बैतूल-इंदौर नेशनल हाइवे चिचोली गोंडू मंडई के मेन चौराहे का हाई मास्क लाइट लगभग पंद्रह दिनों से बंद पड़ा हैं। लाइट बंद होने के कारण इस चौराहे पर कई दुर्घटनाएं हो चुकीं है। ज्ञात होवे की चिचोली नगर का इंदौर- हरदा रोड का यह मुख्य चौराहा है, जिसके कारण इस चौराहे पर ट्रैफिक काफी अधिक होता है एवम रात के समय अधिकतर दुघटनाएं घटित होते रहती है ।क्षेत्र के जागरूक नागरिक व ग्राम पंचायत गोंडु मंडई के पूर्व उपसरपंच तोप पटेल ने बताया की नेशनल हाइवे चौराह का विगत पंद्रह दिनों से हाई मास्क लाइट बंद पड़ा है। चौराहे पर रात्रि के समय काफी अधिक ट्रैफिक होता है. जिसके कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही।

### कलेक्टर एवं एसपी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह ने आज आयोजन स्थल संभागीय आईटीआई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉन्क्लेव के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर और एसपी ने आयोजन स्थल पर विभिन्न बुनियादी सुविधाओं की जांच की, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि सभी विभागों द्वारा अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरी की जाएं।

### संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 27 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में 27 नवंबर को विभिन्न विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी, जिसमें पेंशन, खादय विभाग, आबकारी, परिवहन, खनिज, पंजीयक एवं स्टाम्प, वाणिज्यकर, नापतौल तथा दिवतीय सत्र दोपहर 2 बजे स्कूल शिक्षा, अनुजाति, अनुजनजाति, अन्यव्यवसायी विकास निगम, आदिवासी वित्त विकास निगम, उच्चशिक्षा, पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण इत्यादि विभागों की समीक्षा की जाएगी।

### विशेष जागरूकता अभियान परवबाडा 10 दिसम्बर तक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा भारत सरकार ने जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक जागरूकता अभियान आयोजित करने हेतु निर्देश गये है। इस विषय की गम्भीरता को देखते हुये मुख्यमंत्री द्वारा इस जागरूकता अभियान को हम होंगे कामयाब पखबाडा विशेष जागरूकता अभियान नाम से संचालित करने के निर्देश दिये गये है।

# राजस्व महा अभियान में राजस्व प्रकरणों का निराकरण तेज गति से हो : संभागायुक्त

## टेल एरिया में प्राथमिकता से तवा नहर का पानी पहुंचे, कलेक्टर रेन बसेरो में अलाव एवं कंबलों की व्यवस्था सुनिश्चित करें



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने गूगल मीट में राजस्व महा अभियान 3.0 जो 15 दिसंबर तक चलाया जाएगा की प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स को राजस्व महाअभियान के तहत नामांतरण, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्तीकरण, रास्तों के चिन्हांकन, नक्शे में बंटाकन, आधार लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में राजस्व अमले को तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के टेल एरिया में प्राथमिकता से नहर का पानी किसानों तक पहुंचाने के संबंध में सभी कलेक्टर को निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि सभी कलेक्टर्स यह सुनिश्चित करें कि टेल एरिया में पानी 26 नवंबर तक हर हाल में पहुंच जाएं। उन्होंने आगामी शीतकालीन मौसम को देखते हुए रेन बसेरो में अलाव की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए और कहां की रेन बसेरो में ठहरने वालों के लिए गर्म कंबल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

संभागायुक्त ने धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कृष्ट अभियान की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए की धरती आबा जनजाति ग्राम के तहत चिन्हित ग्रामों में होने वाले विकास के कार्य लिए सभी कलेक्टर्स कार्य योजना बनाकर विस्?तृत रूप से उसका प्रस्ताव भिजवाए। बताया गया कि अब तक नर्मदापुरम बैतूल एवं हरदा जिले से हॉस्टल बनाने, पोषण आहार केंद्र बनाने, होमस्टे बनाने, सड़क निर्माण, पुष्प वाटिका से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। संभागायुक्त ने वृंदावन ग्राम अभियान के तहत कुछ गांवों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के दौरान आयोजित हुए कार्यक्रमों की पोर्टल पर एंट्री करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम अंतर्गत अनुसूचित सेवाओं में समय सीमा से बाहर के प्रकरणों पर तथा उन पर की गई कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि जो प्रकरण समय सीमा से बाहर हो चुके हैं ऐसे प्रकरण भी प्राथमिकता से लेकर उन प्रकरणों का निराकरण किया जाए। संभागायुक्त ने 7 दिसंबर को प्रस्तावित नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्रियल कांन्क्लेव की तैयारी की जानकारी ली, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने अवगत कराया कि आज ही एमपीआईडीसी एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा करें संपूर्ण तैयारी को मूर्त रूप दिया जाएगा एवं रजिस्ट्रेशन की अदयतन स्थिति की भी जानकारी ली जाएगी। संभागायुक्त ने मत्स्य पालन एवं पशुपालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड की स्वीकृति की प्रगति की अदयतन स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स कमर्शियल एवं कोऑपरेटिव बैंक से मत्स्य पालन एवं पशुपालन कृषकों को छोटे-छोटे ऋण दिलाना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड तथा 70 वर्ष और उसे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए जा रहे हैं स्वास्थ्य कार्ड की स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि तीनों जिलों में उक्त दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। संभागायुक्त ने खाद बीज की स्थिति की जानकारी ली। नर्मदापुरम कलेक्टर ने अवगत कराया की 10 अतिरिक्त खाद्य वितरण केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर नगद में खाद का वितरण किसानों को किया जाएगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत उन्होंने हर घर नल योजना के अंतर्गत दिए गए लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त के गूगल मीट में नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, ऑनलाइन एवं संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर एवं उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री जे पी यादव ऑफलाइन उपस्थित थे।

# धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र की जाएं: कलेक्टर

## राजस्व प्रकरणों निराकरण लापरवाही बरतने पर की जाएगी सख्त कार्यवाही



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** धान खरीदी में किसानों को कोई असुविधा ना हो। केंद्रों पर बारदाना सहित अन्य लॉजिस्टिक्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिचित करें। किसानों सहित हम्माल, तुलावटी आदि को समय पर भुगतान किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने सभी एसडीएम एवं उपार्जन समिती सदस्य अधिकरियों को दिए हैं।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आगामी एक सप्ताह में समस्त उपार्जन केन्द्रों पर तौलकाटा, हम्माल, पेयजल, डांव आदि जैसी सभी मूलभूत व्यवस्थाएँ उपलब्ध करवाई जाना सुनिश्चित करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने धान उपार्जन कार्य की समीक्षा कर सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में खरीदी केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद वितरण कार्य की भी समीक्षा कर बिना किसी परेशानी के किसानों को खाद का वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा है कि रैक पॉइन्ट से कैश सेल काउन्टर एवं समितीयों तक खाद का परिवहन किया जाकर वितरण सुचारु रखा जाए। साथ ही खाद की कालाबाजारी, अमानक खाद, अधिक दामों पर खाद विक्रय करने वाले व्यापारियों तथा विचौलियों पर भी कठोर कार्यवाही की जाए। सभी तहसीलदार प्रतिदिन अपनी तहसील अंतर्गत खाद की उपलब्धता की समीक्षा करें तथा अनुपलब्धता होने पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। डबल लॉक केन्द्र, पीओएस तया कैश सेल पोइन्टों का भी सतत निरीक्षण करते रहे। होने

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयसीमा एवं जनसुनवाई के प्रकरणों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में कोताही ना बरतें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित कराएं। सुश्री मीना ने मतदाता सूची के विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम की भी समीक्षा कर त्रुटिरहित शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नामो का सत्यापन करें तथा पार्थो के नाम जोड़े जाए। कोई भी पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़ने से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रहे।

कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान 3.0 की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार अविवादित नामांतरण के किसी भी प्रकार के प्रकरण को लंबित न रखें। इसके साथ ही, नामांतरण, नामांकन, सीमांकन, नक्शा तरमीम आदि राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों का समय पर निपटारा किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी प्रत्येक सप्ताह राजस्व मामलों को प्राथमिकता से लाइन अप करें और उनका निस्तारण शीघ्रता से करें। आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज मामलों को विशेष प्राथमिकता दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकारी/रीडर लॉगिन पर कोई भी मामला लंवित न रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्यों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें समयसीमा के भीतर पूरा करें। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजनांतर्गत ई-केवाईसी का कार्य शीघ्रता से संपन्न कराएं और सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने धरण अधिकार के प्रकरणों को शीघ्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिये और कहा कि इन मामलों में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी को बढ़ने नहीं दिया जाए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर देवेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर डो बबिता राठौर, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में पशुधन गणना प्रारंभ

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पशुओं का भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रत्येक पांच वर्ष में भारत सरकार द्वारा पशुओं की गणना कराई जाती है, जिसके आधार पर पशुपालन की विकास योजनाओं को तैयार किया जाता है। भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 21वीं पशुधन गणना का कार्य किया जा रहा है।

उप संचालक, पशुचिकित्सा सेवायें डॉ शैलेन्द्र नेमा ने बताया कि कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में कुल 1लाख 88 हजार 816 ग्रामीण तथा 86 हजार 358 शहरी परिवार हैं जिनके लिए 3 हजार प्रति परिवार ग्रामीण हेतु कुल 63 प्रगणकों एवं 4 हजार प्रति परिवार शहरी हेतु 19 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक प्रगणक घर घर जाकर पशुओं की 16 प्रजातियों के 222 नस्लों की गिनती करेंगे। पशुधन गणना का संपूर्ण कार्य आनलाईन सेन्सस एप के माध्यम से किया जाएगा।

बताया गया कि प्रगणको के कार्य के पर्यवेक्षण हेतु 14 ग्रामीण एवं 2 शहरी पर्यवेक्षकों तथा एक जिला नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। पशुधन गणना के लिए अमले को दो बार प्रशिक्षण दिया जा चुका है। भारत शासन के निर्देशानुसार भारत में पहली बार घुमन्तु एवं. अर्धघुमन्तु समुदाय के पशुओं की गिनती भी की जा रही है। गत दिवस 16 नवम्बर को कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवायें डॉ शैलेन्द्र नेमा के निर्देशन में जिले के टीम ने अर्धघुमन्तु एवं घुमन्तु समुदाय के डेरों पर जाकर पशुओं की गणना की। बताया गया कि जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर पशुधन गणना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु मानिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं नर्मदापुरम डॉ शैलेन्द्र नेमा ने पशुपालकों से अपील की है कि पशुधन गणना में नियुक्त प्रगणकों को वांछित जानकारी उपलब्ध कराकर जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश शासन का सहयोंग करें। पशुधन गणना का कार्य फरवरी 2025 तक संपादित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का जिला अस्पताल में हुआ शुभारंभ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नवजात शिशु मृत्यू दर में कमी लाना मध्यप्रदेश शासन का एक प्रमुख लक्ष्य है, इसी उद्देश्य से भारत शासन के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन 25 से 30 नवंबर तक किया जा रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल नर्मदापुरम में थीम नवजात शिशुओं में एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध को रोकने के लिये एंटीमाइक्रोबियल का उचित उपयोग%% पर सप्ताह का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता नागेश सहित जिला चिकित्सालय का पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा। सप्ताह के अंतर्गत प्रत्येक नवजात शिशु को संस्था एवं समुदाय गुणवत्तापूर्वक देखभाल के साथ साथ विकासात्मक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान किया जाना मुख्य उद्देश्य रहेगा। सप्ताह के प्रथम दिन स्तनपान का महत्व शिशुओ के परिजनों को समझाया गया एवं 30 नवंबर तक राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के अंतर्गत शिशुओं से संबंधित अन्य सभी गतिविधियों के बारे में बताया जायेगा।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों की भी समीक्षा की



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में आगामी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन को लेकर कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियों पर जोर दिया और विभिन्न विभागों को अपने-अपने दायित्वों के पालन के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कॉन्क्लेव के लिए अधिक से अधिक उद्यमियों, उद्योगपतियों और उद्योग संगठनों का पंजीयन करवाऐं ताकि यह आयोजन प्रभावी और परिणामकारी हो सके। इसके साथ ही उन्होंने आयोजन स्थल पर बैठक, पार्किंग, स्टॉल्स और अन्य सुविधाओं की व्यवस्थाओं की ब्लूप्रिंट के माध्यम से समीक्षा की और संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर इन सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आयोजन स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों और एप्रोच रोड्स का सर्वेक्षण कर उन्हें ठीक कराया जाए ताकि यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह को निर्देशित किया है कि वे आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों के ड्यूटी आदेश जारी करें और सुनिश्चित करें कि सभी का कार्य समय पर और कुशलतापूर्वक पूरा हो। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कलेक्टर ने सीएमएचओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात किया जाए। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं, जैसे कि एंबुलेंस, बेड्स, ऑक्सीजन और दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आयोजन के संबंध में इसके अलावा, कलेक्टर ने विद्युत विभाग सिटी मजिस्ट्रेट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, अपर कलेक्टर डीके सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, महाप्रबंधक उद्योग विभाग कैलाश माल, एमपीआईडीसी के रीजनल डारेक्टर एनके वर्मा सहित एमपीआईडीसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# जनपद स्तर पर होने वाली बैठकों में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहें विकासखंड स्तरीय अधिकारी: कलेक्टर

## अनुपस्थित रहने पर वेतन काटने से लेकर विभागीय जांच की कार्यवाही होगी



**बैतूल, देशबन्धु।** जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न समीक्षा बैठकों में विकासखंड स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेंगे। कोई भी अधिकारी अपने प्रतिनिधि को बैठक में नहीं भेज सकेगा। ब्लॉक लेवल अधिकारी बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी का वेतन काटने से लेकर विभागीय जांच सहित अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल बैठक में दिए। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की।

श्री सूर्यवंशी स्वनिधि भी स्वाभिमान भी भी योजना की निकायवार समीक्षा पर सभी सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना के प्रकरणों को स्वीकृत और वितरित कराने में गति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने मैं भी डिजिटल अभियान की समीक्षा कर सभी सीएमओ को निकायवार निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में ईकेवाईसी और आधार सीडिंग की कार्यवाही भी पूर्ण करने और स्वामित्व योजना में आरओआर एंट्री से लेकर अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही समय पर करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। आयुष्मान योजना की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने 7 दिवस के अंदर 70 प्लस आयु के वरिष्ठ नागरिकों और रेगुलर आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम की लीडरशिप लें। अपने क्षेत्र के जनपद सीईओ, सीएमओ , बीएमओ के माध्यम से शेष बचे आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाएं।

कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत भुगतान के प्रकरणों का निराकरण कराएं। जन औषधि केंद्र का प्रभावी ढंग से संचालन कराएं। जन औषधि केंद्र पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान योजना के तहत पेनल्ड सभी अस्पतालों की सूची चस्पा की जाए। ताकि हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने में असुविधा न हो। उन्होंने सिकलसेल एनीमिया के लक्ष्य के विरुद्ध कन्फेट्री कीट उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। श्री सूर्यवंशी ने मंडी सचिव और समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि मंडियों में व्यवस्थाओं को सुधारे। मंडियों में साफ सफाई, पेयजल आदि मूलभूत व्यवस्थाएं रहें। किसानों को समय पेमेंट मिले। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि मंडियों में वित्तीय धोखाधड़ी पर मंडी सचिव की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा की और शिकायतों का पूरी गंभीरता से सतत निराकरण करने के निर्देश दिए। जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति बाहर सोता न मिले यह सुनिश्चित करें। रेन बसेरों का अच्छे से संचालन कराएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर होमस्टे डेवलप करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। कहा कि होम स्टे के लिए अनुदान सहायता के संबंध में भी उन्हें जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने कार्यालय की छत की एरिया जानकारी उपलब्ध कराएं। ताकि रूफ टॉप सोलर पैनल के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा सकें। सभी ब्लॉक लेवल पर छात्रावास निर्माण के लिए डीपीआर का प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश डीपीसी को दिए। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट सेंटर और वन धन केंद्र के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के नेटवर्किंग विहीन ग्रामों में 5जी नेटवर्क का कवरेज कराने के निर्देश दिए । इसे लेकर बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की जाए।

# सागौन के अवैध परिवहन पर की गई सख्त कार्रवाई

## आरोपी 7 दिसंबर तक ज्यूडिशियल रिमांड पर

**बैतूल/ चिचोली, देशबन्धु।** उत्तर बैतूल (सा.) वन मंडल के परिक्षेत्र बैतूल (सा.) में 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को वन विभाग द्वारा रात्रि गस्ती के दौरान खारी बीट में सागौन की लकड़ी से भरा अशोक लीलैंड मिनी ट्रक जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। इस प्रकरण में 25 नवंबर को आरोपी रामकुमार मेहरा को मेडिकल परीक्षण उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरण की विवेचना में आरोपी के द्वारा किए गए अपराध एवं पूर्व में किए गए अपराधों के आधार पर आरोपी को 7 दिसंबर तक ज्यूडिशियल रिमांड का आदेश दिया गया है।



उल्लेखनीय है कि अवैध कटाई में संलिप्त वन माफियाओं को पकड़ने की मुहिम के तहत उत्तर बैतूल (सा.) वन मंडल के परिक्षेत्र बैतूल (सा.) में 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को वन विभाग द्वारा रात्रि गस्ती के दौरान खारी बीट में सागौन की लकड़ी से भरा अशोक लीलैंड मिनी ट्रक जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। वाहन की जांच करने पर वाहन में से रामकुमार वल्द पुरुषोत्तम मेहरा के नाम का ड्राइविंग लायसेंस की छायाप्रति प्राप्त हुई, जिसके आधार पर वनमंडलाधिकारी उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल श्री नवीन गर्ग के निर्देशन में उप वनमंडलाधिकारी बैतूल (सा.) श्री श्रेयश श्रीवास्तव, परिक्षेत्र अधिकारी बैतूल (सा.) श्री के.एस. बघेल द्वारा अलग-अलग दल गठित कर विभिन्न स्थलों पर छापामार कार्यवाही कर आरोपी वाहन चालक सह वाहन मालिक रामकुमार मेहरा साकिन राहुल नगर मण्डीदीप जिला रायसेन को गिरफ्तार कर बयान दर्ज किये गये। आरोपी द्वारा अपने इक्यालिया बयान में यह बताया गया कि उसके द्वारा राजू वाडिवा निवासी ग्राम पाठई तहसील शाहपुर के साथ में सागौन वृक्षों की कटाई कर परिवहन किया गया है। इस प्रकरण में वन विभाग की सतत कार्यवाही में पहले ही 27 अक्टूबर 2024 को तीन आरोपियों राजा पिता राजू वाडीवा, शेख अफजल और पाढर के सोनू मुईनुद्दीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

देशबन्धु

नर्मदापुरम, मंगलवार 26 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संभल के पीछे की नीयत

बंटेंगे तो कटेंगे। एक हैं तो सेफ हैं। अयोध्या तो झांकी, काशी, मथुरा बाकी है। भाजपा के दिए ये तमाम नारे संविधान को ठेंगा दिखाकर भारत की जनता को चिढ़ाने वाले हैं कि तुम लोग हिंद देश के निवासी सभी जन एक हैं, जैसे पुराने दौर को याद करते रहो और हम तुम्हारी नजरों के सामने न्यू इंडिया बना कर दिखा देंगे, जिसमें न संविधान की कोई इज्जत रहेगी, न लोकतंत्र की कोई मर्यादा होगी। उत्तरप्रदेश के संभल में फिलहाल जो माहौल बना हुआ है, कम से कम उसे देखकर यही नजर आ रहा है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हिंदुत्व की उग्रता का और क्रूर चेहरा देखने मिलेगा।

इसी उत्तरप्रदेश में 5 सौ साल पुरानी बाबरी मस्जिद को तोड़ने के लिए भाजपा ने पूरी व्यूह रचना की थी। लालकृष्ण आडवानी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथ यात्रा निकाली। जिन राज्यों से आडवानी का आधुनिक रथ निकला, वहां दंगे भड़कने की जमीन तैयार हुई। बिहार में लालू प्रसाद ने हिम्मत दिखाई, वहां रथ नहीं निकलने दिया तो सांप्रदायिक हिंसा से लंबे वक्त तक बिहार बचा रहा। हालांकि अब देश का कोई भी राज्य इस जहर से अछूता नहीं है, क्योंकि भाजपा ने पिछले तीस सालों में अपने हाथ-पैर सब तरफ फैला दिए हैं। इस फैलाव को सियासत की भाषा में सत्ता कहते हैं। भाजपा गर्व से दिखाती है कि हिंदुस्तान के कितने राज्य अब भगवा रंग में रंगे जा चुके हैं। और देश प्रेम का दावा करने वाले पलट कर पूछते भी नहीं कि तिरंगे के बाकी दो रंग और बीच के चक्र में जो नीला रंग है, उसके लिए जगह क्यों नहीं बन रही। आडवानी की रथ यात्रा के कारण भाजपा को सत्ता में आने का मौका मिल गया, फिर मोदी के गुजरात और गुजरात में गोधरा के कारण केंद्र की सत्ता फिर से मिली, तीन बार लगातार मिली, लेकिन इसमें भारत के पास आखिर में बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे ही बचे हुए दिख रहे हैं। या फिर नजर आ रही है बाबरी मस्जिद के बाद देश की बाकी मस्जिदों पर शक की निगाहें।

बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था, यानी अपराध था, ये बात सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में कही गई, लेकिन इसके अपराधियों को देश ने सजा पाते नहीं देखा, उल्टे सर्वोच्च अलंकरणों से सम्मानित होते देखा। राम मंदिर बन गया तो हिंदुत्व ब्रिगेड के हौसले और बुलंद हो गए। बाबरी मस्जिद तोड़ने के बाद ही नरसिंह राव सरकार ने धार्मिक स्थल कानून बनाया, उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991, नामक इस कानून के तहत 15 अगस्त, 1947 से पहले बने किसी भी धार्मिक स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। दूसरे धर्म के कब्ज़े के सबूत पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। और इस कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। इस कानून के बावजूद काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश हुआ और अब संभल में भी इसी तरह शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के आदेश अदालत ने दिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन ने एक शिकायत में दावा किया कि मस्जिद के स्थान पर कभी हरिहर मंदिर नामक मंदिर हुआ करता था और मुगल सम्राट बाबर ने 1529 में इसे आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया था। ध्यान रहे कि विष्णु जैन और उनके पिता हरि शंकर जैन ने ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ विवाद समेत पूजा स्थलों से जुड़े कई मामलों में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व किया है। शिकायत के बाद अदालत ने सर्वे का आदेश दिया था और इसी को लेकर सर्वे टीम मस्जिद पहुँची थी। एक सर्वे 19 नवंबर को हो चुका था और रविवार को दूसरे सर्वे के लिए टीम फिर पहुंची, तो इस दौरान हिंसा भड़क गई।

पुलिस का कहना है कि सर्वे दल पर पथराव हुआ, माहौल हिंसक हो गया। लेकिन यह स्पष्टीकरण कोई नहीं दे रहा कि सर्वे जैसे काम में जय श्री राम के नारे लगने का क्या मतलब है। क्यों यह सर्वे सुबह के वक्त करने का फैसला लिया गया। ऐसा नहीं है कि पहले सर्वे के वक्त से हालात सामान्य थे। किसी के घर पर अचानक कोई आकर दावा करने लगे और आनन-फानन में सारे सबूत जुटाने की तैयारी होने लगे, तो माहौल बिगड़ेगा ही। उत्तरप्रदेश पहले से सांप्रदायिक तौर पर संवेदनशील राज्य रहा है, इसके बावजूद प्रशासन की तरफ से जो लापरवाही बरती गई उसकी जिम्मेदार सीधे-सीधे योगी सरकार है। मगर अब भी ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ने की तैयारी चल रही है। कहा जा रहा है कि रविवार को जब सर्वेक्षण दल पहुंचा तो उसका विरोध करने के लिए सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी शाही जामा मस्जिद के पास जुटे। इसी बीच धक्का मुक्की शुरू हो गयी। झड़प के बाद पथराव की घटना हुई। कुछ वीडियो में पुलिस को गोलियाँ चलाते देख जा सकता है। कुछ वीडियो में पुलिस को अपशब्दों का प्रयोग करते भी देखा गया है। हालांकि इनकी पुष्टि होना बाकी है। मगर इस हिंसक झड़प में चार लोगों की मौत हो गई।

जब धार्मिक जुलूसों या सत्संग आदि में कभी भगदड़ हो और लोगों की मौत हो तो प्रशासन फौरन मुआवजे का ऐलान कर देता है। लेकिन संभल में जिन लोगों की मौत हुई, उनके परिजनों के पास जीवन भर के गम के अलावा और कुछ नहीं बचा है। विपक्ष इस मसले पर सोमवार से शुरु हुए संसद सत्र में चर्चा चाहता था, लेकिन मोदी सरकार को जवाबदेही से बचाने के लिए सोमवार का सत्र चला ही नहीं, मंगलवार को भी सत्र स्थगित रहेगा और सरकार संविधान दिवस मना कर संविधान की रक्षा का ढोंग कर लेगी और बुधवार को जब सदन फिर से बैठेगा, तब तक संभल की जगह शायद कोई और मुद्दा तूल पकड़ लेगा।

उप्र में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि उपचुनावों में हुई धांधलियों से ध्यान हटाने के लिए संभल का विवाद खड़ा किया गया। उनके इस दावे में दम भी नजर आता है, क्योंकि उपचुनावों में भाजपा और रालोद को मिलाकर 7 सीटें मिल गईं, सपा को केवल 2 सीट मिली है। और संभल के करीब कुंदरकी की मुस्लिम बहुल मतदाता वाली सीट भी भाजपा के खाते में गई है। जबकि यहां सपा का आरोप है कि उसके मतदाताओं को वोट डालने ही नहीं दिया गया।

निर्वाचन आयोग, अदालत, पुलिस प्रशासन, मंदिर के दावों के नाम पर याचिकाएं दायर करने वाले लोग इन सबकी नीयत का आईना संभल में नजर आ रहा है। विपक्ष फिलहाल इस मुद्दे पर आलोचना कर रहा है, लेकिन उसे हालात संभालने और सुधारने के लिए अब सड़क पर उतरना चाहिए।

# संभल: देश को कौन जला रहा है?

उत्तर प्रदेश में संभल के दु:खद घटनाक्रम के संबंध में, एक प्रभावशाली राय यह है कि यह दंगा जान-बूझकर शासन के इशारे पर कराया गया था, जिससे एक दिन पहले ही गाढ़े रंग से रेखांकित होकर सामने आये प्रदेश में नौ विधानसभाई सीटों के उपचुनाव में खुली धांधली के सवालों की ओर से ध्यान हटाया जा सके। सभी जानते हैं कि उप-चुनावों में 23 नवंबर को घोषित नतीजों में, भाजपा ने सपा से तीन सीटें छीन ली हैं। इन नतीजों में मुरादाबाद की कुंदरकी की सीट जैसे चमत्कार भी शामिल हैं, जहां करीब 65 फीसद मुस्लिम मतदाताओं के बावजूद और मुस्लिम वोटों में किसी खास विभाजन के न होने के बावजूद, भाजपा के उम्मीदवार को एक लाख से ज्यादा वोटों से विजयी घोषित किया गया है। वैसे इन उपचुनावों के सिलसिले में यह उल्लेखनीय है कि मतदान के दिन, 20 नवंबर को ही समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी के अलावा भी कम से कम तीन चुनाव क्षेत्रों—अंबेडकर नगर में कटेहरी, मुजफ्फरनगर में मीरापुर तथा कानपुर में सीमामऊ—में बड़े पैमाने पर चुनाव धांधली और खासतौर पर मुस्लिम मतदाताओं को पुलिस द्वारा रोके, डराए-धमकाए जाने और उन पर लाठियां बरसाए जाने के, सप्रमाण आरोप लगाए थे। यहां तक कि प्राय: विपक्ष की शिकायतों को अनसुना करने वाले चुनाव आयोग तक को, अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी करने पड़े थे। मतगणना के बाद, विपक्ष चुनाव धांधली की इन शिकायतों को जोरदार तरीके से उठाता, उससे पहले ही अगली सुबह संभल में दंगा करा दिया गया, जिसमें इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार और कई खबरों के अनुसार एक ही समुदाय के पांच लोगों की जान जा चुकी थी और पुलिसवालों समेत भारी संख्या में लोग घायल हो गए थे।

खैर! संभल की त्रासदी किसी षडयंत्र के अर्थ में भले ही जान-बूझकर नहीं करायी गयी हो, लेकिन दंगा जिस तरह से भड़काया गया है, उस अर्थ में जरूर यह दंगा प्रशासन की मिलीभगत से कराया गया है। यह संयोग ही नहीं है कि एकाएक एक जिला अदालत द्वारा इस कस्बे के सबसे पुराने स्मारक, साढ़े चार सौ साल पुरानी शाही मस्जिद में यह पता लगाने के लिए कि क्या वहां पहले मंदिर रहा था, सर्वे कराने के आदेश दे दिए। आश्चर्यजनक रूप से ये आदेश मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति में, अल्पसंख्यकों के लिए बिना किसी पूर्व-सूचना के ही जारी कर दिए गए। फिर भी यह सर्वे बिना किसी अप्रिय घटना के हो भी गया। लेकिन, आश्चर्यजनक रूप से 24 तारीख की सुबह सर्वेक्षण टीम, पुलिस की सुरक्षा में और जय श्रीराम के नारे लगाते समूह के साथ, दोबारा सर्वेक्षण के लिए पहुंच गयी। बताया जाता है कि दोबारा सर्वे करने के लिए किसी प्रकार का अदालती आदेश तक नहीं था। उसके बाद वही हुआ जो सकता था। सर्वेक्षण के पक्ष और विरोध में तनाव पैदा होने लगा। विरोध में भीड़ जमा हो गयी और जल्द ही भीड़ और पुलिस के बीच झड़प की नौबत आ गयी। और फिर वह हुआ, जो उत्तर प्रदेश में योगी राज में हर बार होता है—पुलिस ने मुसलमानों के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़ दिया। ज्यादातर जानें पुलिस की गोलीबारी में गयी हैं, हालांकि पुलिस ने गोली चलाने से इंकार ही किया है। पुलिस ने 2,500 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की बताते हैं।

दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की इन जुल्म-ज्यादतियों को चूंकि वर्तमान शासन का पूरा-पूरा अनुमोदन हासिल है बल्कि शासन द्वारा इन्हें बढ़ावा ही दिया जाता है, इसलिए न सिर्फ इन पर रोक-टोक का कोई दरवाजा नहीं है, मुसलमानों की किसी भी तरह की सुनवाई की उम्मीद ही तेजी से खत्म होती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस हताशा ने भी संभल के दंगे की आग में घी डालने का काम किया है। यह नाउम्मीदी इस बात से और भी मुकम्मल हो जाती है कि बढ़ते पैमाने पर अदालतें, समस्या के समाधान का साधन बनने के बजाए, समस्या भड़काने का ही साधन बनती जा रही हैं। यह संयोग ही नहीं है कि तथाकथित सर्वे के अदालती आदेश के जरिए, अकारण सांप्रदायिक झगड़ा खड़ा करने और तनाव पैदा करने का यही पैटर्न काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में और मथुरा में ईदगाह मस्जिद के मामले में, नये सिरे से विवाद खड़े करने के रूप में भी देखने को मिला है। हैरानी की बात नहीं होगी कि आगे-आगे निचली अदालतों के सहारे और भी मुस्लिम धार्मिक स्थलों को लेकर, इसी तरह के झगड़े खड़े किए जाएं।

दुर्भाग्य ये यह सब एक प्रकार से सुप्रीम कोर्ट की शह से ही हो रहा है। याद रहे कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर इस तरह से विवाद खड़ा किए जाने का मुद्दा जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था और इस तरह की कार्रवाइयों को 1991 के धार्मिक स्थल कानून के आधार पर चुनौती दी गयी थी, डीवीइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तकनीकी तर्क के आधार पर सर्वे का अनुमोदन कर दिया था कि सर्वे की मांग, सिर्फ यह जानने की मांग है कि क्या वहां कोई मंदिर रहा था? और यह मांग, धार्मिक स्थल की प्रकृति को बदलने की मांग से अलग है, जो कि 1991 के कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित है। उसके बाद से, निचली अदालत द्वारा 1991 के कानून के आधार पर ही खारिज कर दिए गए, मथुरा के ईदगाह मस्जिद विवाद को भी पुनर्जीवित किया जा चुका है। आज, संभल इसी आग में जल रहा है।



राजेंद्र शर्मा

**दुर्भाग्य ये यह सब एक प्रकार से सुप्रीम कोर्ट की शह से ही हो रहा है। याद रहे कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर इस तरह से विवाद खड़ा किए जाने का मुद्दा जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था और इस तरह की कार्रवाइयों को 1991 के धार्मिक स्थल कानून के आधार पर चुनौती दी गयी थी, डीवीइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तकनीकी तर्क के आधार पर सर्वे का अनुमोदन कर दिया था कि सर्वे की मांग, सिर्फ यह जानने की मांग है कि क्या वहां कोई मंदिर रहा था? और यह मांग, धार्मिक स्थल की प्रकृति को बदलने की मांग से अलग है, जो कि 1991 के कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित है।**

दुर्भाग्य से शासन में उच्चतम स्तर से इस सब को बढ़ावा मिल रहा है। जब हम उच्चतम स्तर कहते हैं, तो हमारा आशय सिर्फ प्रदेश में उच्चतम स्तर से ही नहीं, देश में उच्चतम स्तर से भी है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि आम चुनाव के बाद गुजरे लगभग छ: महीनों में, देश ने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता का बढ़ता हुआ ज्वार ही देखा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में तो सबसे बढ़कर एक यही काम हो रहा है और ''बंटोगे तो कटोगे'' जैसे नये-नये विभाजनकारी नारे दिए जा रहो हैं। बेशक, यह आम चुनाव में संघ-भाजपा को लगे तगड़े झटके को देखते हुए, कई लोगों ने मोदी निजाम से सांप्रदायिक ताप में कमी लाने की जो उम्मीदें लगा ली थीं, यह सब उनसे उलट है। लेकिन, यही सच है। आम चुनाव के तुरंत बाद, इसने इसके आम सांप्रदायिक प्रचार का रूप ले लिया कि मुसलमानों ने भाजपा के खिलाफ वोट दिया था। फौरन कुछ भाजपा नेताओं ने मुसलमानों को इसके लिए दंडित करने, सरकार द्वारा उनके काम नहीं किए जाने, आदि की पुकारें करनी शुरू कर दीं। इन्हीं पुकारों को हमने, महाराष्ट्र के हाल के विधानसभाई चुनाव में बहुत ही आक्रामक तरीके से तथाकथित ''वोट जिहाद'' के विरोध के नाम पर, एक उग्र विभाजनकारी अभियान तक पहुंचाते जाते देखा, जिसके अगुवा देवेंद्र फडनवीस थे। आदित्यनाथ के ''बटोगे तो कटोगे'' और प्रधानमंत्री के ''एक रहोगे तो सेफ रहोगे'' के नारों में मुस्लिमविरोधी स्वर में जो परोक्षता थी, उसकी कमी को ''वोट जिहाद'' का मुकाबला करने की पुकार की प्रत्यक्षता से भरा जा रहा था। ''वोट जिहाद'' की संज्ञा से ही साफ था कि किस के खिलाफ ''एक'' होना है!

महाराष्ट्र विधानभाई चुनाव में भाजपा की झाड़ूमार किंतु संदिग्ध जीत के जश्न में, दिल्ली में भाजपा के मुख्यालय में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इसके पर्याप्त संकेत दे दिए हैं कि इस सांप्रदायिक मुहिम को ढीला नहीं पड़ने दिया जाएगा। इस मुहिम का नया हथियार है, वक्फ कानून का विवाद। प्रधानमंत्री ने विजेता की मुद्रा में अपने संबोधन में वक्फ कानून को 'संविधान विरोधी' ही करार दे दिया और घोषित कर दिया कि यह कानून ''तुष्टीकरण'' के लिए ही बनाया गया था। साफ है कि संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच-परख का स्वांग जल्द ही समेटकर और सारे विरोध को दरकिनार करते हुए, मोदी सरकार वक्फ कानून में संशोधन थोप दे। ऐन मुमकिन है कि फिलहाल इस कानून में संशोधन भर करने को भी मुसलमानों के लिए एक बड़ी रियायत के रूप में पेश किया जाए, क्योंकि सर्वोच्च नेता ने तो इसे संविधान-विरोधी ही करार दे दिया है!

पहले हरियाणा और अब महाराष्ट्र में विधानसभाई चुनाव में संदिग्ध जीत के बाद, भाजपा जाहिर है कि मोदी की अजेयता के संसदीय चुनाव में टूट-फूट गए मिथक को, दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रही है। यह दूसरी बात है कि इसी बीच आ पड़ा अडानी संकट, इस कोशिश के लिए नई उलझनें पैदा कर रहा है। लेकिन, बहराइच के बाद अब संभल के घटनाक्रम पर और उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश में मुस्लिम-विरोधी अभियानों पर प्रधानमंत्री की सुचिंतित चुप्पी यही इशारा करती है कि मोदी का कॉन्फीडेंस कमजोर हो जाए तब भी और ऊपर उठ जाए तब भी, हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक अभियान तेज से तेजतर ही होने जा रहा है। इस पर अंकुश तो तभी लगेगा, जब जनता उनके हाथ से सत्ता छीन लेगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# उपचुनावों में तृणमूल की जीत से ममता की इंडिया ब्लॉक में स्थिति मजबूत

■ सात्यकी चक्रवर्ती

पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत तृणमूल नेतृत्व की उम्मीदों से भी शानदार रही। 2021 के विधानसभा चुनावों में छह सीटों में से एक मदारीहाट सीट भाजपा के पास थी, जबकि अन्य पांच सीटें तृणमूल के पास थीं। उपचुनावों में जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए, टीएमसी ने न केवल अपनी पांच सीटों को बहुत बड़े अंतर से बरकरार रखा, बल्कि भाजपा की सीट पर उसके उम्मीदवार को 30,000 से अधिक मतों से हराकर सभी छह सीटों पर कब्जा कर लिया। 2021 के चुनावों में भाजपा ने टीएमसी को 29,000 मतों से हराकर मदारीहाट सीट जीती थी।

आरजी कार कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या से संबंधित दुखद घटना के बाद मतदान हुआ, जिसके कारण डॉक्टरों और आम लोगों की भावनाओं में अभूतपूर्व उछाल आया और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की गयी। इस उभार ने एक व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया जिसमें वामपंथी दलों, विशेष रूप से सीपीआई (एम) ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 9 अगस्त से शुरू हुआ आंदोलन 21 अक्टूबर तक जारी रहा, जिस दिन डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद अपनी भूख हड़ताल वापस ले ली।

**विपक्षी दलों, खासकर वामपंथियों को उम्मीद थी कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार को निशाना बनाकर किये गये इस उभार का छह निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के चुनावी मूड पर वामपंथियों के पक्ष में असर पड़ेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बजाय, मतदाताओं ने टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के पक्ष में अपने जनादेश का इस्तेमाल किया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वामपंथी उम्मीदवारों की न केवल जमानत जब्त हुई, बल्कि 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में मतदान के आंकड़े भी काफी कम रहे।**

विपक्षी दलों, खासकर वामपंथियों को उम्मीद थी कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार को निशाना बनाकर किये गये इस उभार का छह निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के चुनावी मूड पर वामपंथियों के पक्ष में असर पड़ेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बजाय, मतदाताओं ने टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के पक्ष में अपने जनादेश का इस्तेमाल किया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वामपंथी उम्मीदवारों की न केवल जमानत जब्त हुई, बल्कि 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में मतदान के आंकड़े भी काफी कम रहे।

वाम मोर्चे के नेता सीपीआई (एम) केवल एक सीट पर चुनाव लड़ी और 2021 की अपनी दो अन्य सीटों पर, पार्टी ने हरोआ में आईएसएफ और नैहाटी में सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को चुनाव लड़ने दिया। पार्टी को तलडांगा सीट पर सबसे खराब स्थिति का सामना करना पड़ा, जहां वह चुनाव लड़ी थी। इसका वोट शेयर 4 प्रतिशत से भी कम था। विडंबना यह है कि हरोआ में केवल आईएसएफ उम्मीदवार ही अपनी जमानत बचा सका। इस परिणामों ने वामपंथियों को पूरी तरह से चुनावी जंगल में डाल दिया लगता है।

जहां तक भाजपा का सवाल है, राज्य पार्टी नेतृत्व के पास कोई बहाना नहीं है। टीएमसी के खिलाफ उसके सारे अभियान कोई नतीजा नहीं दे पाये, हालांकि एक को छोड़कर, भाजपा वोटिंग के आंकड़ों के मामले में टीएमसी के बाद दूसरे नंबर की पार्टी बनी हुई है। लेकिन वह दूसरा नंबर बहुत दूर भारी मतों के अन्तर से है। मदारीहाट की इस हार के साथ, राज्य विधानसभा में भाजपा की ताकत 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद मिले 77 के मूल स्तर से घटकर लगभग 69 रह गयी है। भाजपा के पास बंगाल में पेश करने के लिए कोई नया कार्यक्रम नहीं है, सिवाय मोदी की गारंटी की बात करने और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में हालिया जीत पर खुशी मनाने के। बंगाल में अगला विधानसभा चुनाव अप्रैल/मई 2026 में होना है। भाजपा को कुछ समझ नहीं आ रहा है। उसके पास 2026 के चुनावों में आक्रामक टीएमसी से लड़ने का कोई रोडमैप नहीं है।

सीपीआई(एम) के बारे में, जिसके पास अभी भी वामपंथी दलों के बीच संगठन का कुछ सादृश्य बचा हुआ है, स्थिति हर साल खराब होती जा रही है। मतदान प्रतिशत कम हो रहा है और नेतृत्व जिस तरह की बात कर रहा है, उसमें कोई बदलाव की संभावना नहीं है। पार्टी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर राज्य माकपा सम्मेलन फरवरी 2025 में होने वाला है। पार्टी में और अधिक युवा लोगों को लाने की योजना है, लेकिन अब तक के नतीजे निराशाजनक हैं।

हाल के वर्षों में शामिल हुए माकपा के कुछ युवा सदस्य शहर केंद्रित हैं और आंदोलन में भाग लेने के बजाय सोशल मीडिया के माध्यम से टीएमसी के खिलाफ अपनी लड़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। पार्टी अल्पसंख्यक जनता के साथ-साथ महिलाओं और उपेक्षित लोगों से भी कट गयी है, जो 1977 में वाम मोर्चे के सत्ता में आने के बाद पहले दो दशकों में पार्टी का प्राथमिक आधार था। पार्टी के पूरे राज्य में बड़े आधुनिक पार्टी कार्यालय हैं, लेकिन बहुत कम पूर्णकालिक सदस्य हैं। यह आकलन करने का कोई ईमानदार प्रयास नहीं किया गया है कि टीएमसी कार्यकर्ताओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के बावजूद कोई अन्य दल को सत्ता क्यों नहीं मिल रही, और मजदूरों सहित हाशिए पर पड़े लोग अभी भी ममता बनर्जी से क्यों चिपके हुए हैं। पार्टी का राज्य नेतृत्व दिशाहीन है।

तृणमूल कांग्रेस की हालिया जीत से पता चलता है कि टीएमसी इंडिया ब्लॉक भागीदारों में एकमात्र पार्टी है जो हाल के वर्षों में सभी चुनावों में लगातार भाजपा को हरा रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 37 सीटें हासिल कीं और लोकसभा में कांग्रेस के बाद भाजपा के खिलाफ चुनावी तौर पर बड़ी ताकत बनकर उभरी। इस बार हुए उपचुनावों में सपा को दो सीटें भी गंवानी पड़ीं। लेकिन 2011 के विधानसभा चुनाव के बाद से टीएमसी का रिकॉर्ड बेदाग है। इस तरह ममता भाजपा के खिलाफ एक बड़ी लड़ाकू के तौर पर इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच मजबूत होकर उभरी हैं।

यह बहुत संभव है कि कांग्रेस आने वाले महीनों में पार्टी हाईकमान टीएमसी के साथ और अधिक समन्वय करेगा और 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और टीएमसी का गठबंधन हो सकता है। उत्तर बंगाल के चार जिलों में कांग्रेस का कुछ प्रभाव है। टीएमसी और कांग्रेस मिलकर 2026 के चुनावों में उत्तर बंगाल में भाजपा की विधानसभा सीटों को कम करने की स्थिति में हैं। उत्तर बंगाल राज्य में भाजपा का गढ़ है।

टीएमसी नेतृत्व का सकारात्मक पक्ष यह है कि शीर्ष नेता खासकर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी किसी भी उलटफेर के बाद कमजोरियों की पहचान करते हैं और सुधारात्मक कार्रवाई करते हैं। संगठनात्मक स्तर पर एक सक्रिय मशीनरी है जिसे सलाहकार आई-पैक द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। पार्टी ने पहले ही 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहचान करने और जमीनी स्तर से मूल्यांकन के आधार पर पार्टी अभियान में किन कार्यक्रमों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, इसके लिए बुनियादी काम शुरू कर दिया है। इस दृष्टिकोण ने टीएमसी को चुनावी तैयारियों में उसके आकलन ने भाजपा और माकपा जैसे अन्य विपक्षी दलों से काफी आगे रहने में मदद की है।

राज्य की माकपा आखिरकार 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति तैयार करने में मदद के लिए बाहर से सलाहकारों की भर्ती करना चाह रही है। माकपा और वामपंथियों के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है जो ममता बनर्जी की स्वीकार्यता के आसपास भी आ सके। आम लोगों का ध्यान खींचने के लिए पार्टी को एक नये आख्यान के साथ लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा।

बंगाल में वामपंथी परंपरा है। तृणमूल में भी कई लोग वामपंथी अतीत के हैं और अभी भी वामपंथी दृष्टिकोण से चिपके हुए हैं। यदि माकपा का आगामी फरवरी सम्मेलन स्थिति के वस्तुनिष्ठ आकलन के आधार पर एक व्यवहार्य रोडमैप तैयार कर सकता है, तो इससे कम से कम माकपा को 2026 के विधानसभा चुनावों में अपनी स्थिति को शून्य से कुछ सीटों तक सुधारने में मदद मिलेगी। माकपा और वामपंथियों को मध्यम अवधि में राज्य में मुख्य विपक्षी दल के रूप में भाजपा को हटाने का लक्ष्य रखना चाहिए। हो सकता है कि 2026 के चुनावों में ऐसा न हो, लेकिन निश्चित रूप से, यदि उचित अनुवर्ती कार्रवाई की जाये तो वामपंथी 2029 के लोकसभा चुनावों और 2031 के विधानसभा चुनावों में बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं।

## आपके पत्र

### जनता ने सबको दिखाया आईना

झारखंड के साथ ही महाराष्ट्र चुनाव को लेकर बड़ी चर्चा थी। पक्ष विपक्ष के गठबंधनों के लिए यह प्रतिष्ठा का विषय था लेकिन नतीजों से सत्ता पक्ष की कार्य शैली का समर्थन और विपक्ष को आईना दिखाने का संदेश सामने आया है। यहां कांग्रेस बुरी तरह घाटे में रही है। अब कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि क्या यह पार्टी अपना वर्चस्व खो हो चुकी है? पार्टी के लगातार चुनाव हारते राहुल के लिए भी कोई अच्छा संदेश नहीं है।

महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने जिस तरह महायुति गठबंधन को बंपर बहुमत (231 सीट) दिया है उससे एक बात साफ हो गई है कि जनता विकास के साथ ही ऐसी सरकार भी चाहती हो जो केंद्र से अपने हक के साथ ही उसका सहयोग भी प्राप्त कर सके और ऐसा केवल डबल इंजन की सरकार के द्वारा ही हो सकता है चाहे पार्टी कोई भी सत्ता में हो। इसके विपरीत झारखंड में लोगों ने इस मानसिकता को परे रखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा पर ही विश्वास जताया है जबकि यहां भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बावजूद यहां जनता के निर्णय से यह साबित होता है कि वह विकास में विश्वास रखती है इसके लिए योजनाओं और उसके लिए धन की पूर्ति कहां से होगी यह व्यवस्था राज्य सरकार की जवाबदारी है। इन दोनों चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर हाशिये पर नजर आती है क्योंकि महाराष्ट्र में पार्टी जो हरियाणवी ख्वाब वाले बैठी थी। देखा जाए तो उसके वोटो में सेंध पूर्व में दिग्गज रहे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की छोटी-छोटी पार्टियों ने ही लगाई है। यहां उद्धव ठाकरे भी कांग्रेस के लिए नुकसानदायक ही साबित हुए है। झारखंड में भी कांग्रेस अपने बलबूते पर कोई विशेष प्रदर्शन नहीं कर पाई है जो उसे संबल प्रदान कर सके। कुल मिलाकर इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की दशा पूर्ववत ही है जो दिल्ली जैसे राज्य के चुनावों के मद्देनजर चिंताजनक कहीं जा सकती है। राहुल गांधी भी इन दोनों चुनावों में अपनी काबिलियत साबित नहीं कर पाए हैं। अब तक पार्टी का 89 चुनाव हारना जनता में किस तरह की लोकप्रियता है यह राहुल की यात्रा/चुनावी सभा में दिखने वाली भीड़ से अलग कुछ और संदेश देता है। कांग्रेस को इन नतीजे से सबक लेकर ही दिल्ली में चुनावी ताल ठोकना होगी अन्यथा 'अंत मति सो गति' ही एक बार फिर साबित होना है।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

### नीलामी का सीज़न

*'इस सीज़न में जिस नीलामी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा तथा जिसकी चर्चा देश के बाहर भी हुई वह थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित सूट की नीलामी। पाठकों को याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि इस सूट में सुनहरे धागे से प्रधानमंत्री के नाम की धारियां बुनी गई हैं। जिस दिन प्रधानमंत्री ने हैदराबाद हाउस की चाय पार्टी में यह सूट धारण किया था उसके बाद से ही इसे लेकर तरह-तरह की बातें हो रही थीं। इसकी कीमत लाखों रुपयों में आंकी जा रही थी यद्यपि भाजपा के अनथक प्रवक्ता संबित पात्रा की मानें तो इसका मूल्य मात्र पांच-छह हजार रुपए ही था। ये बात अलग है कि उनके इस बयान पर लोगों ने भरोसा नहीं किया। यह सूट मोदीजी को किसने दिया? कब दिया और क्यों दिया? इसका कपड़ा कहां से आया? डिजाइन किसने तैयार की? सिलाई कहां हुई? इसे लेकर खोजी पत्रकारों ने पता लगाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी ने अहमदाबाद के टेलर मास्टर को पकड़ा, तो कोई मुंबई में फैशन डिजाइनर के स्टूडियो तक पहुंच गया। यह तथ्य भी सामने आया कि इजिप्त के तानाशाह हुस्नी मुबारक के पास भी ऐसा ही सूट था। अमेरिका तक के अखबारों में इस पर चर्चाएं हुईं। यह चर्चा शायद कुछ देर में ठंडी पड़ जाती, लेकिन एक दिन अचानक ज्ञात हुआ कि मोदीजी इस सूट को नीलाम कर रहे हैं तो मुझ जैसे बैठे-ठाले व्यक्ति को फिर कुछ लिखने के लिए मसाला मिल गया।'*

*'बताया गया कि सूरत में मोदीजी के इस सूट के अलावा प्रधानमंत्री को पिछले आठ माह में मिले अन्य उपहारों की भी नीलामी की जाएगी। यह नीलामी तीन दिन तक चली। पहले दिन सूट पर सवा करोड़ तक की बोली लगाई गई जो तीसरे दिन अंतत: चार करोड़ इकतीस लाख में जाकर रुकी। सूट के अलावा जो अन्य वस्तुएं नीलाम की गईं उनसे भी कुल मिलाकर लगभग चार करोड़ की राशि प्राप्त हुई। याने नाम वाला सूट एक तरफ, बाकी सारी सौगातें दूसरी तरफ। यह सारी राशि प्रधानमंत्री जी के प्रिय लक्ष्य गंगा सफाई अभियान के खाते में चली जाएगी। जब नीलामी करने की बात उठी तब रमेश विरानी नामक एक हीरा व्यापारी सामने आए। उन्होंने बताया कि यह सूट उन्होंने अपने बेटे की विवाह पत्रिका के साथ मोदीजी को भेंट किया था। सूट खरीदने वाले लक्ष्मीकांत पटेल भी हीरा व्यापारी हैं। अगर सचमुच गंगा किसी दिन साफ हो सकी तो उस दिन कहना होगा कि इसमें सूरत के हीरा व्यापारियों का अमूल्य योगदान था।'*

**(देशबन्धु में 26 फरवरी 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/02/blog-post_25.html

## पावन प्रसंग

### मन की शांति

हमें पग-पग पर सुख और दु:ख की अनुभूति होती रहती है और हम ऐसा समझते हैं कि यदि अमुक अमुक वस्तुएं हमें मिल जाएं, तो हम बहुत ही संतुष्ट हो जाएंगे, परंतु जैसे ही वह वस्तु हमें मिल जाती है, हम उसके सुख का अनुभव न कर उसकी रक्षा की चिंता में दु:खी होने लगते हैं। यह डर बना रहता है कि कहीं वह चीज खो न जाए। इस प्रकार एक-न-एक भय आजीवन बना रहता है और साथ-ही-साथ एक-न-एक लोभ भी लगा ही रहता है। हम स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी-न-किसी के आगे हाथ पसारा करते हैं। अपनी लोलुपता का प्रदर्शन करते हैं और जब कोई हमारी ओर पूरा-पूरा ध्यान नहीं देता, तो हमें ऐसा लगता है कि हमारी अवहेलना हो रही है, हमारी मानहानि हो रही है। हमें प्रशंसा की भूख रहती है। हमारे अंदर लोभ और मोह व्याप्त रहते हैं। फल यह होता है कि जो शक्ति हमारे उद्धार के लिए मिली है, उसका दुरुपयोग होता है और हम दिन- रात इस शक्ति का अपव्यय कर अंत में देखते हैं, तो हाथ कुछ नहीं आता। जैसे-जैसे हम वृद्धावस्था के निकट पहुंचते हैं, तो हमारे दोषों का बोझ बढ़ता जाता है और फल यह होता है कि हम अत्यंत मानसिक उद्वेग का अनुभव करने लगते हैं।

शक्ति के अपव्यय से बचने का उपाय होना आवश्यक है। पहले तो हम यह समझें कि संसार की क्षुद्र बातों से ऊपर उठे बिना हमारा कल्याण नहीं हो सकता। मानसिक कल्याण और बोध तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारे अंदर से विरक्ति की भावनाएं उठें। हम ऊपरी रूप से साधु-फकीर का वेश बनाए रह सकते हैं, परंतु यदि भीतर से मन का सहयोग विरक्ति की ओर न हो तो हमें बार-बार लोभ और मोह के झकोरों से अस्त-व्यस्त होना पड़ेगा और तब हम देखेंगे कि हमारे लिए सुख-शांति नाम की कोई चीज नहीं रही। अत: भोगों से उपराम प्राप्त करने के लिए अंदर का मन साध लेना परमावश्यक है। ऐसा कर लेने से बाकी का काम आसान हो जाएगा।


हमें संसार के कामों में लगे रहना चाहिए। हमारे जिम्मे जो भी काम आ जाएं, उन्हें सहर्ष करना चाहिए। यदि सभी लोग काम छोड़ना प्रारंभ कर दें, तो फिर कैसे होगा ? अत: हमें प्रवाह प्राप्त जो काम हैं, उन्हें तो करना ही है और जब उन कामों को करें, तो ठीक से करें, परंतु मन की चिंतनधारा को सबल अंतर्मुखी करते जाएं। ऐसा करते हुए हम बहुत कुछ आत्मकल्याण कर सकेंगे। काम करते हमारे अंदर दोष भी प्रकट होंगे, तो हमें उनको सामने आने देना चाहिए, तभी दूर हो सकेंगे।

**-युग निर्माण योजना**

# खेल जगत

## पोंटिंग के नेतृत्व में खेलना मेरे लिए बहुत खास : स्टोइनिस

**जेद्दा।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पंजाब किंग्स में शामिल होकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह पूर्व महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में इस लीग में खेलने को लेकर बेहद खुश हैं। उनकी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा आरटीएम (राइट टू मैच) कार्ड का उपयोग करने से इनकार करने के बाद, पंजाब किंग्स ने इस ऑलराउंडर को अपने साथ जोड़ लिया। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग के साथ काम करने को लेकर स्टोइनिस उत्सुक हैं। स्टोइनिस ने कहा कि खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल नीलामी हमेशा रोमांचक होती है। एक खिलाड़ी के तौर पर आप कभी नहीं जानते कि आप कहां पहुंचने वाले हैं। मेरे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि मैं हेड कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में पंजाब किंग्स के साथ जुड़ पाया। मैंने अपना फोन नहीं चेक किया है, मैंने अभी तक किसी से बात नहीं की है।



# पर्थ टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत के कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के गेंद से रफ्तार और धार दिखाकर चटकाए तीन-तीन विकेट के चलते ट्रेविज हेड (89 रन, 101 गेंद, 8 चौके) व मिचेल मार्श (47 रन, 67 गेंद, दो छक्के, तीन चौके) की

■ **हेड व मार्श की 82 रन की भागीदारी भी ऑस्ट्रेलिया के काम न आई**

छठे विकेट की 82 रन की भागीदारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया जीत के लिए 534 रन के पहाड़ के से लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच टेस्ट की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को खेल के आखिरी सत्र में दूसरी पारी में 238 रन पर आउट होकर 295 रन से मैच हार गई। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के अपने बेटे के जन्म के कारण उपलब्ध न होने पर कार्यवाहक कप्तान मैन ऑफ द' मैच तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुकरणीय गेंदबाज दोनों पारियों कुल 72 रन देकर चटकाए आठ विकेटों की बदौलत भारत ने पर्थ का पहला टेस्ट जीतने के साथ पांच टेस्ट की सीरीज में 1-0 की अहम बढ़त हासिल कर ली। भारत ने पहली पारी में 150 रन पर आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी मात्र 104 रन पर समेटने के बाद 46 रन की बढ़त ले यशस्वी जायसवाल (161) और विराट कोहली (अविजित 100) के शतकों की बदौलत अपनी दूसरी पारी तीसरे दिन आखिरी सत्र में छह विकेट पर 487 रन बनाकर समाप्त घोषित कर दी थी। भारत को दूसरी पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में केएल राहुल (77) की नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ पहले विकेट की 201 की रन की भागीदारी की अहम भूमिका रही। भारत की यह जीत इसलिए ऋभी खास है कि उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह जीत अपने नियमित कप्तान रोहित शर्मा के निजी कारणों और शुभमन गिल के अंगूठे की चोट के कारण उपलब्ध नहीं होने के बावजूद हासिल की। भारत इस जीत की बदौलत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे ज्यादा 61.11 पर्सेंटाइल अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया जबकि ऑस्ट्रेलिया 57.69 पर्सेंटाइल अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के लिए, यह जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि वह अपने घर में मेहमान न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट की सीरीज 0-3से हारने और बिना कोई अभ्यास मैच खेले मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पर्थ में खेलने उतरा था।

ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 534 रन के पहाड़ के से लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन के तीन विकेट पर 12 रन से सोमवार सुबह चौथे दिन आगे खेलना शुरू किया और लंच तक सुबह अपनी दूसरी पारी में 30 ओवर में पांच विकेट पर 104 रन बनाए और तब ट्रेविज हेड 63 और मिचेल मार्श पांच रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले चौथे दिन सुबह उस्मान ख्वाजा(4) और स्टीव स्मिथ (17) के रूप में दो विकेट और खोकर 92 रन जोड़े थे। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (4 रन, 13 गेंद) को शॉर्ट गेंद को पुल करने को मजबूर किया और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कई मीटर अपने दाईं ओर दौड़ते हुए उनका कैच लपक भारत को सुबह पहली सफलता दिला ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 17 रन कर दिया। स्टीव स्मिथ (17 रन, 60 गेंद) ने मोहम्मद सिराज की मिडस्टंप पर गिर कर जरा सीधी रही गेंद को खेला और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने एक और बेहतरीन कैच लपक कर अपना दूसरा विकेट चटका ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 79 कर दिया। स्टीव स्मिथ ने आउट होने से पहले पाचवे विकेट के लिए 62 रन की अहम भागीदारी की। तब आक्रामक अंदाज में खेलने के लिए विख्यात ट्रेविज हेड क्रीज पर स्टीव स्मिथ का साथ देने उतरे और अपने स्ट्रोक खेलते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। हेड ने अपना अदर्बशतक 63 गेंद खेल कर छह चौकों की मदद से पूरा किया। चायकाल के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 53.4 ओवर में आठ विकेट पर 227 रन बनाए थे। चायकाल से पहले की चौथी गेंद पर भारत के ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर की कोण बनाती गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में मिचेल स्टार्क( 12 रन,35 गेंद) ने शार्ट लेग पर ध्रुव जुरेल को कैच कर लिया और इसी के साथ साथ चाय का समय घोषित कर दिया।

## दबाव में आने के बाद जिस तरह से टीम ने कमबैक किया उस पर गर्व है : बुमराह

**पर्थ।** टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट मैच में 295 रन की जीत के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का शानदार आगाज किया है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर भारत की रनों के मामले में ये सबसे बड़ी जीत है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पर्थ में भारत की जीत के मुख्य 'सूत्रधार' कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह रहे, जिन्होंने अकेले दम पर ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाने के लिए कुल 8 विकेट चटकाए। मैच खत्म होने के बाद कप्तान के तौर पर अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल करने वाले बुमराह ने कहा कि इस जीत से बहुत खुश हूं। पहली पारी में हम पर दबाव बनाया गया। लेकिन जिस तरह से हमने वापसी की, मुझे उस पर गर्व है। हम वाकई अच्छी तरह से तैयार थे। मैं बस सभी से कह रहा था कि अपनी प्रक्रिया और क्षमता पर भरोसा रखें क्योंकि यहां हमारे पास कुछ खास करने का मौका है। चाहे चुनौती कैसी भी हो अनुभव मायने रखता है, लेकिन अगर आपको अपनी क्षमता पर भरोसा है तो आप कुछ खास और अलग कर सकते हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को भी श्रेय दिया, जिन्होंने 161 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। साथ ही बुमराह ने विराट कोहली की नाबाद शतकीय पारी के लिए उनकी सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत से करारी हार उनके और उनकी टीम के लिए निराशाजनक है।



## बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं : कमिंस

**पर्थ।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में टीम की हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने जसप्रीत बुमराह की सराहना करते हुए उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक बताया। पर्थ टेस्ट में बड़ी जीत के साथ भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। बुमराह ने पहली पारी में 5-30 और दूसरी पारी में 3-42 के साथ मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इस गेंदबाज ने टीम की 295 रनों की जीत में अहम भूमिका निभाई। साथ ही बतौर कार्यवाहक कप्तान यह उनकी पहली टेस्ट जीत भी थी। कमिंस ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगा कि उन्होंने वाकई बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। वह हमेशा एक चुनौती बने रहेंगे। इसलिए, हमें उनसे निपटने के तरीके खोजने होंगे। मुझे खास तौर पर लगा कि पहले दिन भारतीय गेंदबाजों ने हमारी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। उन्होंने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन की भी श्रृंखला में वापसी करने का समर्थन किया। दूसरा मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, जो 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा। लाबुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में दो और दूसरी पारी में तीन रन बनाए। साल 2023 के बाद से 19 मैचों में उनका औसत सिर्फ 31.75 का है, जो उनके 48.45 के करियर औसत से काफी कम है। पैट कमिंस ने कहा कि मार्नस और टीम के कई अन्य खिलाड़ियों ने वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम चाहते थे। सभी बल्लेबाज, खास तौर पर मार्नस ने नेट्स में कड़ी मेहनत की है। वह हमेशा छोटी से छोटी बेहतरी की कोशिश करते रहते हैं।



# ऑलराउंडर नीतीश राणा को राजस्थान रॉयल्स ने 4.20 करोड़ में खरीदा

**जेद्दा,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व ऑलराउंडर नीतीश राणा को सोमवार को आईपीएल 2025 नीलामी के दूसरे दिन कैप्ड ऑलराउंडरों की सूची में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने 4.20 करोड़ रुपये में अपने साथ शामिल किया। राणा की बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपए थी। उनके लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी। राजस्थान रॉयल्स में राणा की एंट्री टीम की बल्लेबाजी को और मजबूत करेगी। पारी को संभालने और जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर राणा ने एक भरोसेमंद मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में टूर्नामेंट में अपनी पहचान बनाई है। आईपीएल में उनका अच्छा अनुभव और लगातार प्रदर्शन रॉयल्स के लिए लाभदायक हो सकता है। राणा के लिए बोली लगाने की शुरुआत सीएसके ने की। इसके बाद राजस्थान ने 1.60 करोड़ रुपये की बोली लगाई। दोनों टीमों ने कीमत को 2.20 करोड़ रुपए तक बढ़ाया, जिसके बाद आरसीबी भी इस होड़ में शामिल हो गई। तीनों फ्रेंचाइजी ने बोली को तीन करोड़ रुपये तक बढ़ाया। आरसीबी ने जब बोली को चार करोड़ रुपये तक बढ़ाया तो वह आत्मविश्वास से लबरेज दिख रही थी, लेकिन राजस्थान ने 4.20 करोड़ रुपए की निर्णायक बोली लगाकर यह डील पक्की कर ली। नितीश राणा 2016 में अपने डेब्यू के बाद से आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 107 आईपीएल मैचों में 28.34 की औसत से 2,636 रन बनाए हैं। दबाव की स्थितियों को संभालने और बीच के ओवरों में स्पिन का डट कर सामना करने की क्षमता उन्हें किसी भी टीम के लिए एक अच्छा विकल्प बनाती है। एकतीस वर्षीय यह खिलाड़ी पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी था, जहां उसने न केवल बल्ले से योगदान दिया, बल्कि कई मौकों पर टीम का नेतृत्व भी किया। टूर्नामेंट में उनकी नेतृत्व क्षमता भी जग जाहिर है।



■ **राणा के लिए बोली लगाने की शुरुआत सीएसके ने की। इसके बाद राजस्थान ने 1.60 करोड़ की बोली लगाई**

# विराट को हमारी नहीं, हमें उनकी जरूरत : बुमराह

**पर्थ,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 295 रनों की शानदार जीत से भारत को काफी राहत मिलेगी। इस दौरे से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में क्लीन स्वीप का सामना करने वाली टीम इंडिया ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पहले मुकाबले में चारों खाने चित कर दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद टीम के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ की। न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्ले से पूरी तरह फ्लॉप होने के बाद विराट ऑस्ट्रेलिया की अग्नि परीक्षा के लिए आए थे। विराट ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में 143 गेंदों में नाबाद शतक जड़कर भारत को सीरिज में पहला टैस्ट जीते। इससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में मेजबान टीम 238 रनों पर सिमट गई और भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कप्तान के तौर पर पहली टेस्ट जीत हासिल करने वाले बुमराह ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि विराट कोहली को हमारी जरूरत नहीं है, हमें उनकी जरूरत है। वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह उनका चौथा या पांचवां दौरा है। इसलिए वह अपने क्रिकेट को किसी और से कहीं ज्यादा बेहतर जानते हैं। वह मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार थे। बुमराह ने कहा कि कभी-कभी जब आपका करियर इतना लंबा होता है, तो आप कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी की है, लेकिन हर मैच में हर समय ऐसा करना मुश्किल है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए सबसे अच्छी बात यह रही कि पहले दिन 150 रन पर आउट होने के बाद भारतीय टीम निराश नहीं हुई और सभी ने कमबैक करने के लिए और बेहतर खेलने पर फोकस किया।

■ **न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्ले से पूरी तरह फ्लॉप होने के बाद विराट ऑस्ट्रेलिया की अग्नि परीक्षा के लिए आए थे**

## 'उम्मीद है भारत बाकी मैचों में भी ऐसा ही खेल जारी रखेगा : अरुण धूमल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत के साथ भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस बीच, आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने टीम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि टीम सीरीज के बाकी मैचों में भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेगी। चौथे दिन कप्तान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने तीन-तीन विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया को 238 रनों पर समेट कर एक बड़ी जीत दर्ज की। एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में अपने अगले चार टेस्ट मैचों में से तीन में जीत भारत को अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह दिलाएगी। धूमल ने जेद्दा से आईएएनएस को फोन पर बताया, कि जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में पर्थ में टीम इंडिया की यह अविश्वसनीय जीत है।

# अर्शदीप सिंह की कड़ी मेहनत का फल : कोच अर्शदीप

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पंजाब किंग्स ने आरटीएम के जरिये 18 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। उन्हें लेकर कई फ्रेंचाइजी में जबरदस्त होड़ देखने के लिए मिली, लेकिन पंजा किंग्स आखिर में आरटीएम का इस्तेमाल कर उसे अपने पास बरकरार रखने में सफल रही। हाल के दिनों में अर्शदीप सीमित ओवर की क्रिकेट में टीम इंडिया के मुख्य गेंदबाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने भारत की ओर से सफेद बॉल की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया और खूब विकेट चटकाए। अर्शदीप साल की शुरुआत में टी-20 विश्व कप में 8 मैचों में 17 विकेट लेकर हीरो बनकर उभरे थे। वह भारत के सफल टी20 विश्व कप 2024 अभियान में एक अहम खिलाड़ी रहे। अर्शदीप सिंह के कोच जसवंत राय ने कहा कि वह नीलामी में अर्शदीप की बंपर कीमत से काफी खुश हैं। कई टीमों ने उनके लिए बड़ी बोली लगाई जबकि पंजाब किंग्स ने इन पर एक बार फिर भरोसा जताया। यह सभी चीजें उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। इस बार उम्मीद है कि पंजाब टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। कोच और कप्तान नए हैं, टीम कॉम्बिनेशन भी अच्छा है। उन्होंने आगे कहा कि 2 से 3 वर्षों से अर्शदीप अच्छा कर रहा था उसको मेहनत का फल मिला है, वो इस कीमत का हकदार था। पंजाब ने एक नई टीम बनाई है। कप्तान श्रेस अय्यर, मैक्सवेल , स्टोनियस जैसे कई नाम टीम के साथ जुड़े हैं।



# 'ऋषभ पंत हमेशा हमारे रडार पर थे' : शाश्वत

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। आईपीएल इतिहास में ऋषभ पंत ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। वह लीग के इतिहास में अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने विकेटकीपर-बल्लेबाज को 27 करोड़ रुपये में खरीदा। यह लखनऊ का एक रणनीतिक मास्टरस्ट्रोक था, जो अपनी टीम की कमान संभालने के लिए एक अनुभवी लीडर की तलाश में थे। लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका के बेटे शाश्वत गोयनका ने दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान को हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी के विचारों को साझा किया। शाश्वत ने आईएएनएस से कहा कि ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करना शानदार है। मुझे लगता है कि हर कोई इसी सोच के साथ आया था और यह हमारी सूची में भी था। इसलिए हमारे लिए यह एक अच्छी खरीद थी। ऋषभ को लेकर पैसे के बारे में नहीं सोचा गया था, वह हमारे रडार पर थे क्योंकि हम एक अनुभवी कप्तान की तलाश में थे। पंत के पास टूर्नामेंट में कप्तानी करने का अच्छा अनुभव है, लेकिन हमारे पास यह तय करने के लिए समय है कि टीम का नेतृत्व कौन करेगा। हमारी प्राथमिकता कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो सभी मैच खेल सके और टीम का अच्छे से मार्गदर्शन कर सके। एलएसजी ने पंत के लिए बोली लगाने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। फ्रेंचाइजी के इरादे साफ थे, वे पूरी तरह से दांव लगाने को तैयार थे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर भी इस होड़ में शामिल हो गई, और हर बोली के साथ कीमत बढ़ती गई।



**ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करना शानदार है। मुझे लगता है कि हर कोई इसी सोच के साथ आया था और यह हमारी सूची में भी था। इसलिए हमारे लिए यह एक अच्छी खरीद थी : शाश्वत गोयनका**

# सिकंदराबाद में आज से शुरु होगी सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**सिकंदराबाद,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना में दक्षिण मध्य रेलवे खेल परिसर, आरआरसी ग्राउंड, रेल निलयम में होने वाली चैंपियनशिप में इस बार भाग ले रही 28 टीमों को आठ पूल में बांटा गया। पहले चार पूल में तीन-तीन टीमें होगी। अगले चार टीमों के पूल में चार-चार टीमें रखी गई है। चैंपियनशिप छह दिसंबर तक चलेगी। क्वार्टर फाइनल तीन दिसंबर से शुरू होगा। सेमीफाइनल 5 दिसंबर को और उसके बाद तीसरे/चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा और छह दिसंबर को फाइनल होगा। पूल ए में दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, हरियाणा और मणिपुर शामिल हैं। पूल बी में छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना हैं, जबकि पूल सी में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हिमाचल और यूनिट ऑफ तमिलनाडु शामिल हैं। पूल डी में राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। अगले चार पूल में चार-चार टीमें हैं। पूल ई में अरुणाचल, चंडीगढ़, मिजोरम और केरल शामिल हैं। पूल एफ में दिल्ली, बिहार, जम्मू और कश्मीर और कर्नाटक हैं। अंत में, पूल जी में असम, गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब शामिल हैं, जबकि पूल एच में आंध्र प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश और ले पुडुचेरी शामिल हैं।

# पर्थ पहुंचते ही पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी में जुटे रोहित

**पर्थ,** 25 नवम्बर (एजेंन्सियां)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सोमवार को पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन टीम से जुड़ गए। रोहित रविवार को वहां पहुंचे और सोमवार को टीम के ड्रेसिंग रूम में कोच गौतम गंभीर के साथ नजर आए। अपने बेटे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट मैच मिस करने वाले रोहित भारत की टेस्ट टीम के नियमित कप्तान हैं। रोहित ने दूसरे टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है। वह नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस करते हुए दिखाई दिए।

फॉक्स स्पोर्ट्स ने यह भी दिखाया कि रोहित लंच ब्रेक के दौरान पर्थ में नेट्स पर गुलाबी गेंद से अभ्यास कर रहे थे, जिसमें रिजर्व खिलाड़ी नवदीप सैनी, यश दयाल और मुकेश कुमार उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे।भारत को 30 नवंबर और 1 दिसंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय पिंक गेंद अभ्यास मैच खेलना है, जिसके बाद 6-10 दिसंबर तक एडिलेड ओवल में डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा कि लंच ब्रेक के दौरान यहां नेट पर हमारे पास भारत के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जो अभी-अभी यहां आए हैं। 6 दिसंबर को एडिलेड में शुरू होने वाले पिंक गेंद टेस्ट मैच से पहले हमारे पास कुछ भारतीय तेज गेंदबाज, अपने कप्तान के खिलाफ गेंदबाजी कर रहे हैं। जैसा कि हमने अभी देखा कि मुकेश कुमार एक अच्छी गेंद फेंक रहे हैं। लेकिन कप्तान को यहां देखना बहुत अच्छा है। हम उन्हें अगले कुछ दिनों में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर फिर से मैदान पर देखने के लिए उत्सुक हैं। रोहित की अनुपस्थिति में केएल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत की थी। पर्थ में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 26 और 77 रनों की पारी खेलते हुए स्ट्रोक-प्ले और डिफेंस में ठोस प्रदर्शन किया। राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रनों की ओपनिंग साझेदारी भी की, जिन्होंने शानदार 161 रन बनाए, जिससे भारत ने दूसरी पारी में 487/6 पर पारी घोषित की।

■ **रोहित ने दूसरे टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है। वह नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस करते हुए दिखाई दिए**



# आईपीएल नीलामी पूल में हैं ढेरों प्रतिभाएं, हम समझदारी से करेंगे चयन : जयवर्धने

**जेद्दा,** 25 नवम्बर (एजेंसियां। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में धीमी शुरुआत करने वालों में से रही और उसने पहले दिन सिर्फ चार खिलाड़ियों की खरीद की। मुंबई इंडियंस ने पहले ही अपने कोर ग्रुप को रिटेन कर लिया था, जिनके पास अपार अनुभव भी था। हालांकि, नीलामी के पहले दिन यह टीम थोड़ी पीछे नजर आई। इस पर टीम के हेड कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि नीलामी पूल में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं और टीम समझदारी से चयन करना चाहती है। नीलामी के पहले दिन, मुंबई इंडियंस ने ट्रेंट बोल्ट (12.50 करोड़), नमन धीर (5.25 करोड़), रॉबिन मिंज (65 लाख) और कर्ण शर्मा (50 लाख) को अपने साथ जोड़ा। उनके पास अब 21.6 करोड़ रुपये का पर्स बाकी है। जयवर्धने ने फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि यह इस मायने में एक अद्भुत नीलामी थी कि हम जानते थे कि क्या होने वाला है। जब हमने खिलाड़ियों की लिस्ट देखी, तो पता चला कि इस नीलामी के दो भाग हैं। इसलिए हमें पता था कि अगर हम इस रास्ते पर चल रहे हैं, तो हमें धैर्य रखना होगा। लिस्ट में 400 या उससे अधिक खिलाड़ी हैं। इसलिए हम चुन सकते हैं और बहुत सारी प्रतिभाएं हैं जिन्हें हम समझदारी से चुनने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे दिन की नीलामी से पहले उनके पास पर्याप्त पर्स है, जिससे उन्हें अपनी योजनाओं को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। बोल्ट और धीर पहले भी मुंबई टीम का हिस्सा रह चुके हैं और जयवर्धने ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने अपने पांच रिटेन खिलाड़ियों के साथ मजबूत टीम बनाने के कारक को ध्यान में रखा है।



## सार संक्षेप

### राजस्थान ने मिजोरम को और कर्नाटक ने त्रिपुरा को हराया

**राजकोट/इंदौर।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सोमवार को खेले गये मैच में राजस्थान ने मिजोरम को 62 रनों से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ने त्रिपुरा को पांच विकेट से शिकस्त दी। राजकोट में आज मिजोरम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने भारत शर्मा (74) और दीपक हुड्डा (65) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 217 रनों का स्कोर खड़ा किया। मिजोरम की ओर से मोहित जांगड़ ने दो विकेट लिये। केसी करिअप्पा, नवीन गुरुंग, खियांग्ते वानरोतलिंगा और बॉबी जोथानसंगा ने एक-एक विकेट लिया। 217 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मिजोरम की टीम राजस्थान की सधी हुई गेंदबाजी के आगे निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन ही बना सकी और 62 रन से मुकाबला हार गई। मिजोरम की ओर अग्नि चोपड़ा ने (47), मोहित जांगड़ ने (नाबाद 41), जेहू एंडरसन (37) रनों की पारी खेली। राजस्थान की ओर से कमलेश नागरकोटी ने दो विकेट लिये। राहुल चहर और दीपक हुड्डा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### उदयपुर में जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का शुभारंभ सोमवार को महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर में हुआ। प्रतियोगिता में जनजाति उपयोजना क्षेत्र के सात जिलों से 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह खेलगांव स्थित स्टेडियम में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, अतिरिक्त आयुक्त (टीएडी) गितेशश्री मालवीया, आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ओपी मीणा, समाजसेवी प्रमोद सागर तथा रविन्द्र श्रीमाली, राज्य जनजाति खेल अधिकारी नरेंद्र भूरिया के आतिथ्य में हुआ। प्रारंभ में जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल ने अतिथियों का उपरणा एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। राज्य जनजाति खेल अधिकारी श्री भूरिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को प्रदत्त सुविधाओं तथा खेल योजनाओं की जानकारी देते हुए उससे लाभान्वित होने का आह्वान किया।

### यूनाइटेड भारत और नेशनल यूनाइटेड की जीत

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड भारत एफसी और नेशनल यूनाइटेड एफसी ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर डीएसए दिल्ली प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। डॉ. बी आर अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच फजल के गोल से यूनाइटेड भारत ने हिन्दुस्तान एफसी को 1-0 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में नेशनल यूनाइटेड ने सांगोट जार्ज के गोल की बदौलत तरुण संघा पर 1-0 से जीत दर्ज की।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### सर्व ब्राह्मण समाज संगठन की बैठक आयोजित

**हरदा,देशबन्धु।** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन की बैठक हनुमान मंदिर स्थित कार्यालय में हुई। बैठक के दौरान नगर कार्यकारिणी विस्तार,अन्नकूट उत्सव का आय व्यय का ब्यौरा,ग्रामीण क्षेत्र में संपर्क विषय पर चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने की। इस दौरान कोषाध्यक्ष गजानंद डाले ने अन्नकूट उत्सव में आय व्यय का ब्यौरा दिया।बैठक का संचालन कर रहे महामंत्री लोकेश शर्मा ने बताया कि संगठन के वार्ड प्रभारियों द्वारा वार्डवासियों से संपर्क कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने अन्नकूट उत्सव में सभी के सहयोग से आभार व्यक्त किया।इस दौरान नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला ने अपनी कार्यकारिणी के विस्तार की जानकारी दी।इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित ने ब्राह्मणों द्वारा किए जाने वाले आवश्यक पूजन के लिए प्रशिक्षण की बात कही।अंत में आभार महामंत्री उत्तम तेनगुरिया ने व्यक्त किया।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष रोहित तिवारी,महामंत्री उत्तम तेनगुरिया,संयोजक नितेश बादर,कार्यक्रम प्रभारी संदीप स्वामी,वरिष्ठ समाजसेवी अरुण तिवारी,संदीप पुरोहित,शशिभूषण जोशी,सुदीप मंडलोई,महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया,सचिव अदिति गुरु, पुष्पा शर्मा सहित समाज जन उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिये कायरी में शिविर 27 को

**हरदा,देशबन्धु।** जिले के वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा योजनाओं की जानकारी उन्हें देने के उद्देश्य से कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण तो किया ही जा रहा है साथ ही ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि ग्रामीणजन इन योजनाओं के बारे में जान सकें और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये आगे आएं। इसी क्रम में अगला शिविर 27 नवम्बर को टिमरनी विकासखण्ड के वनग्राम कायरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कायरी के आसपास के ग्राम कायरी, डोंग, आम्बा, मन्नासा, बोथी व जवारधा के ग्रामीणजनो की समस्याएं सुनी जायेंगी। यह शिविर प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करें तथा शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत पदाधिकारियों को भी आमंत्रित करें।

### स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को डिजिटल पेमेन्ट सुविधा से जोड़ा गया

**हरदा,देशबन्धु।** जिले की चारो नगरीय निकाय नगर पालिका हरदा, नगर परिषद टिमरनी, खिरकिया एवं सिराली में स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाडा अभियान के तहत 2 दिसम्बर तक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में पीएम.स्वनिधि योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को डिजिटल पेमेंट सुविधा से जोड़ा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि डिजिटल पेमेन्ट सुविधा से हितग्राहियों को डिजीटल भुगतान प्राप्त करने पर इंसेन्टिव भी प्राप्त होगा। स्वनिधि से समृद्धि योजना मे पी.एम. स्वनिधि के हितग्राहियों की सोशियो ईकोनॉमिक प्रोफाईलिंग की जा रही है और पांच विभागों की आठ विभिन्न योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ प्रदान किया जा रहा है।

### बच्चों का दंत परीक्षण किया

**हरदा,देशबन्धु।** जिले में चलाए जा रहे पायलट प्रोजेक्ट दंत शक्ति अभियान के तहत कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में द्वितीय चरण में दंत परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को डॉ. जॉनसन, डॉ. काजल अग्रवाल एवं डॉ. पीयूष दोगने ने ग्वालनगर स्थित प्राथमिक शाला लाल स्कूल के बच्चों का दंत परीक्षण किया। इस अवसर पर डीपीएम दिनेश चौहान, डीसीएम आई तिग्गा, डीईआईएम आशीष साकल्ले ने बच्चो से ओरल स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता पर चर्चा की। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. काजल अग्रवाल ने बच्चों को दांतों की सफाई का तरीका बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले के सभी 530 प्राइमरी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों का दंत परीक्षण किया जाएगा। दंत चिकित्सा अधिकारी, आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा यह जांच की जाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल, अस्पताल, छात्रावास व आंगनवाड़ी का निरीक्षण करें: कलेक्टर

**हरदा,देशबन्धु।** सभी अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अपने अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। इसके साथ ही दूरस्थ ग्रामों में भ्रमण के दौरान अधिकारीगण अपने विभाग के कार्यालयों के साथ-साथ गांव के आंगनवाड़ी, छात्रावास, स्कूल, अस्पताल का जरूर निरीक्षण करें और वहां जो भी समस्या सामने आये, उसे जिला प्रशासन के ध्यान में लाएं ताकि निराकरण किया जा सके। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्र में स्थित बड़े भवनों का फायर सेफ्टी ऑडिट पूर्ण कराएं। उन्होने जिले के सभी सीएम राइज स्कूल, पीएम श्री स्कूल भवनों का भी फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश बैठक में दिये। बैठक में उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी से पिछले दिनों स्वीकृत सीएम राइज स्कूलों के लिये भूमि आवंटन के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला संयोजक अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग को निर्देश दिये कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में आयोजित हो रहे जनसमस्या निवारण शिविरों में जनजातीय वर्ग के युवाओं के स्वरोजगार संबंधी प्रकरण बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत बनवाएं ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके। उन्होने 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन व वितरण के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होने उप संचालक कृषि को निर्देश दिये कि कृषि अधोसंरचना निधि योजना के तहत किसानों के कोल्ड स्टोरेज के प्रकरण बनवायें। उन्होने उप संचालक कृषि को निर्देश दिये कि आत्मा परियोजना के तहत किसानों को जिले में और जिले के बाहर प्रशिक्षण के लिये भेजा जाए ताकि वे खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर सके। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**रहटगांव और हंडिया की कृषि उपज मण्डी शुरू कराएं**- कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सभी कृषि उपज मण्डियों के सचिवों को निर्देश दिये कि मण्डी परिसर में किसानों की सुविधा के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होने किसानों के रात्रि विश्राम और रियायती दर पर भोजन की व्यवस्था के लिये भी कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि मण्डी परिसर में अन्य मण्डियों के भाव प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को मालूम रहें कि अन्य मण्डियों में फसल का क्या मूल्य मिल रहा है। उन्होने रहटगांव और हंडिया में मण्डी शुरू करने के निर्देश संबंधित मण्डियों के सचिवों को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में हरदा के मण्डी सचिव की अनुपस्थिति पर नाराजगी प्रकट की और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मण्डी के कर्मचारी बिना सूचना व स्वीकृति के अवकाश पर न जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिये कि हम्मालों और तुलावटियों को उनके लिये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

# लायंस क्लब ने पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया




**हरदा,देशबन्धु।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के माध्यम से सभी लायंस क्लबों में पीस पोस्टर कान्टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें पीस विदाउट लिमिट्स थीम रखा गया था। जो कि एम जे एफ लायन मनीष शाह , डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के नेतृत्व में सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट में किया गया । इसी क्रम में रेखा पटेल , डिस्ट्रिक्ट को आर्डिनेटर के कुशल मार्गदर्शन में लायंस क्लब हरदा सिटी ने 6 स्कूलों के लगभग 760 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। साथ कान्टेस्ट के बाद विजेता प्रतिभागियों को लायंस क्लब हरदा सिटी के प्रेसिडेंट उत्तम सिंह चौहान और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रेखा पटेल ने प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक वितरण किए। उत्तम सिंह चौहान ने स्कूल के प्राचार्य तथा शिक्षकों सहित प्रतिभागी छात्र- छात्राओं का अभिवादन कर धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब हरदा सिटी के सचिव अमित तौशनिवाल, कोषाध्यक्ष राहुल दुबे लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य सुनील बागरे ,मुकेश गहलोत सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। पीस पोस्टर कॉन्टैस्ट में प्रथम स्थान पर विजेता रहे छात्र-छात्राओं में कु. कृतिका राजपूत तक्षशिला एकेडमी , कु. पलक चौहान माडल पब्लिक स्कूल, आर्यन नेमा संस्कार विद्या पीठ, कु. सुहानी नायक न्यू तक्षशिला एकेडमी, कु. आशी दोगने द फाउण्डेशन आफ़ एजुकेशन, खुसी प्रजापित सन रेज स्कूल के अतिरिक्त भी प्रत्येक स्कूल से द्वितीय, तृतीय एवं दो सांत्वना पुरस्कार भी छात्र -छात्राओं को प्रदान किए गए।

# वन सुरक्षा समिति स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**हरदा,देशबन्धु।** वन विभाग वन मंडल हरदा सामान्य द्वारा ग्राम के युवाओं में खेलों एवं वन सुरक्षा, वन्य प्राणी सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा आदि के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र हंडिया के ग्राम नयापुरा में खेल एवं जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वन सुरक्षा समिति स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया ।

कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रामविलास सरपंच ग्राम पंचायत नयापुरा, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष जोगा, सुरेश सोनवंशी वन परिक्षेत्र अधिकारी हंडिया सामान्य द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर खेल का शुभारंभ कराया। इस प्रतियोगिता में वन समिति नयापुरा, जोगा, उंडाल, मैदा, सीगौन , सालाखेड़ी की 11 कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया, कबड्डी प्रतियोगिता रात 7 बजे तक चली। वन सुरक्षा समिति सीगौन की टीम विजेता रही एवं वन सुरक्षा समिति जोगा की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 5001 रुपए एवं उपविजेता टीम को 3001 रूपए की राशि का पुरुस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया जो कि वनमंडल स्तर पर वन परिक्षेत्र हंडिया की ओर से वनमंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में विनोद परिक्षेत्र सहायक नयापुरा, एवं समस्त स्टाफ वन परिक्षेत्र हंडिया सामान्य का विशेष योगदान रहा।

## हरदा डिग्री कॉलेज द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का हुआ आयोजन




**हरदा,देशबन्धु।** हरदा डिग्री कॉलेज द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगारउन्मुखी कार्यक्रम के अंतर्गत प्लेसमेंट एवं रिक्रूटमेंट सेल द्वारा अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया। जिसमें फाइनेंस ग्रुप से एचआर रवि कुशवाह सर एवं यूनिट मैनेजर संजय सोनी सर द्वारा छात्रों को समूह लोन से संबंधित जानकारी देते हुए दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक कंपनी के आवास ऋण, उधम व रोजगार हेतु एमएसएमई ऋण आदि को समझाकर साक्षात्कार लेकर चयन किये। कैंपस में महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषय के विद्यार्थी शामिल हुए। इस कैंपस के लिए महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल, डॉ अभिलाषा सिंहल, उप-प्राचार्य गणेश श्रीवास्तव,प्लेसमेंट सेल प्रभारी आनंद वर्मा,नीरज गुर्जर ने बधाई दी।

## सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण का आयोजन




**भोपाल, देशबन्धु।** चल सेफ ड्राइवर चौपाल का आयोजन ड्राइवरों के प्रशिक्षण और उनके कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं को छूती हुई एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में रविवार, को भारतीय विद्या भवन में किया गया। यह कार्यक्रम मंदार, एंड नो मोर ( एम-ए-एन -एम) सेफ्टी सॉल्यूशन्स द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाना और ड्राइवरों को सही प्रशिक्षण देना था। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सलिल चटर्जी, टीम लीडर विश्वास घुषे और रोहित सिन्वर ने अपने विचार साझा किए। चल सेफ पहल का लक्ष्य ड्राइवरों के कौशल में वृद्धि करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 27 को

**हरदा,देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 27 नवम्बर को होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी ने बताया कि यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित की गई है।

# हर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की नींव है: शेरा

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**हरदा,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदा की बैठक सोमवार को होटल बागवान पैलेस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा ने की,सह प्रभारी रचना जैन ने इस अवसर पर विशेष मार्गदर्शन किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीतियों पर चर्चा की गई।

ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा ने कहा कि हर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की नींव है। उन्होंने कहा हमें मिलजुल कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना होगा। आने वाले चुनाव न केवल हमारी पार्टी के लिए, बल्कि देश और प्रदेश के भविष्य के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। हमें जनता तक कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी के विचारों को पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करना होगा। रचना जैन ने कहा कि 卐संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में होती है।उन्होंने कहा हमें संगठन की एकता को बनाए रखते हुए सामूहिक प्रयासों से हर चुनौती का सामना करना होगा। हर कार्यकर्ता को सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने कहा, कि हमें किसानों और युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाना होगा। सभी अपनी पूरी सहभागिता सुनिश्चित करे और सभी कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं । जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा हमें ब्लॉक स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाना होगा। बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क बनाकर कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना हैं । पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की और सभी से मिलकर पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्री पटेल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिला सिंह ठाकुर एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।



बैठक के में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास ने सभी उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत कर ब्लॉक मे की गई गतिविधियों से अवगत कराते हुए ब्लॉक के बारें मे जानकारी दी। नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहद खान, आमिर पटेल, जनपद उपाध्यक्ष गौरी शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्नोई, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डेढ़ हजार दिग्यांग बच्चों ने खेलों में दिखाया जज्बा

## रोटरी क्लब मिडटाउन के दिव्यांग विंटर गेम्स मानवता का सबसे बड़ा तीर्थ: सूर्यवंशी

**भोपाल,देशबन्धु।** आम लोग की नजर में सहानुभूति के पात्र, लेकिन मन में कुछ कर गुजरने के जज्बे को लेकर प्रदेश के करीब डेढ़ हजार दिव्यांग बच्चों का खेल समागम विंटर गेम्स रविवार को टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित किया गया । इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि विंटर गेम्स मानवता का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है, यहां आकर लगता है कि हम किसी तीर्थ में आए हैं और विशिष्ट लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह दिव्यांग नहीं बल्कि विशेष है । इनमें सामान्य लोगों से कुछ ज्यादा होता है, इसलिए हम विशेष कहेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती सोनाली वायगणकर ने कहा कि रोटरी क्लब मिडटाउन भोपाल द्वारा विंटर गेम्स के माध्यम से वास्तव में समाज के दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहन देकर सामाजिक न्याय का कार्य किया जा रहा है। विशेष अतिथि दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के सीएमडी दिलीप सूर्यवंशी ने कहा कि विंटर गेम्स में आकर ऐसा लगता है कि हम जैसे मानवता का कोई बड़ा तीर्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 22 साल से कभी ऐसा मौका नहीं आया जब मैं इस कार्यक्रम में शामिल न हुआ हूं । आगे भी मैं अपनी पूर्ण सहभागिता इस कार्यक्रम में रखूंगा।




उन्होंने मिड टाउन भोपाल के सभी साथियों को इन विशेष बच्चों के कार्यक्रम आयोजन की बधाई दी। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कार्यक्रम के संबंध में अपना शुभकामना संदेश भेजा। कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र की आंतरिक प्रबंधक श्रीमती रश्मि रेखापति केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक और मध्य प्रदेश प्रमुख दीपक कुमार बासु, रोटरी क्लब 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीश मलिक मल्होत्रा शाहिद भोपाल के सभी रोटरी क्लबोन रोटेरियन उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में 32 संस्थाओं के विभिन्न श्रेणी के लगभग डेढ़ हजार से ज्यादा दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। इनमें मुख्यरूप से भोपाल के अलावा विदिशा, खरगोन, राजगढ़, होशंगाबाद, रीवा, जबलपुर, इंदौर, देवास, शुजालपुर , नरसिंहगढ़ और नागदा की संस्थाओं के बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर स्पेशल ओलंपिक मापदंड के अनुसार दौड़, रिले दौड़, हिट द बाल, कैरम, पावर ऑफ रिस्ट, व्हील चेयर, चित्रकला , रेस प्रतियोगिताएं हुई। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले सभी बच्चों और शिक्षकों को भी प्रोत्साहन के लिए प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए। भोपाल रोटरी क्लब मिड टाउन की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति उपाध्याय ने बताया कि भोपाल और मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से आने वाले सभी प्रतिभागियों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया। यहां उन्हें आवास और परिवहन की सुविधा क्लब की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के चेयरपर्सन सुयश प्रताप सिंह ने बताया कि क्लब की ओर से सभी दिव्यांग प्रतिभागी को से प्रमाण पत्र और रिटर्न गिफ्ट उपलब्ध कराए गए । इस कार्यक्रम में एशियाई दिव्यांग खेलों में भाग लेने वाले कई प्रतिभागी भी शामिल हुए।

# गैस एजेंसी संचालक को आया धमकी भरा फोन

**भोपाल,देशबन्धु।** हबीबगंज थाना पुलिस ने गैस एजेंसी संचालक की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धमकाने का केस दर्ज किया है। 20 नवंबर की रात उनके मोबाइल पर फोन आया था। फोन करने वाले ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि, मेरा पीछा किया तो अंजाम का ध्यान रखना। आगे से पीछा किया तो जान से जाओगे। जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है । फिलहाल आरोपी की पहचान नहीं की जा सकी है। पुलिस धमकाने वाले नंबर की जानकारी खंगाल रही है।

थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी ने बताया कि, बुद्धसेन शर्मा ई-7 अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। वह नैनिका गैस एजेंसी का संचालन करते हैं। बुधवार की रात 8 बजे उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बिना कोई बात किए उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। कहा कि, अगर मेरा पीछा करना बंद नहीं किया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। शर्मा ने पुलिस को बताया कि वे आरोपी को नहीं जानते हैं। उसने फोन पर अपना परिचय भी नहीं दिया था। मोबाइल की सम्पर्क सूची में भी उनका नाम नहीं था। फोन करने वाले की आवाज को पहचानने से भी उन्होंने इनकार कर दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी के मोबाइल नंबर की जानकारी निकलवा रही है।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

## गीता लिडरशिप कांटेस्ट का आयोजन आज

- **परीक्षा का आयोजन आनलाइन, राज्य स्तर पर आफलाईन**
- **जिले के 4 छात्रों का होगा चयन, प्रथम पुरस्कार 1 लाख रूपए एवं उज्जैन दर्शन**

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग और इस्कॉन उज्जैन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 10 दिसम्बरको आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तरीय नोडल प्रभारी महेश गुंजेले ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्थायी नैतिक मूल्यों का संचार करना, चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के शैक्षिक पाठ्यक्रम को आवश्यक नैतिक मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, सहानुभूति,सम्मान और उत्तरदायित्व से समृद्ध बनाने हेतु डिजाइन की गई है और साथ ही उन्हें व्यसनों के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

इस पहल के माध्यम से जिम्मेदार और नैतिक रूप से जागरूक भविष्य के नागरिकों का निर्माण करना हैं। इसी उद्देश्य से गीता लिडरशिप कांटेस्ट का आयोजन 26 नवम्बर से 29 नवम्बर तक कक्षा 9वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिये आनलाईन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के लिये इस्कॉन उज्जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामाग्री हिन्दी एवं अंग्रेजी में तथा चार वीडियो मन पर नियंत्रण, सहनशीलता की कला, मां प्रकृति के उपहारों पर जीवन, सकारात्मक दृष्टिकोण जारी किये गये हैं। यह पाठ्य सामग्री एवं निर्देश समस्त प्राचायों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कर दिये गये है। साथ ही ऑनलाइन प्रेक्टिस करने के लिए एक डेमो लिंक भी दी गई हैं जिस पर छात्र-छात्राएं अपनी तैयारी कर सके। कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन परीक्षा 26 नवम्बर को 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित कि जा रही हैं जिसकी लिंक 12 बजे इस्कॉन उज्जैन द्वारा जारी कि जायेगी। प्रत्येक कक्षा से प्रथम छात्र कुल चार छात्रों को राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 10 दिसम्बर 2024 में जाने का मौका मिलेगा जिसमें प्रदेश के 220 छात्र शामिल होंगे। बैतूल जिले से प्रथम चार छात्रों को उज्जैन भेजा जायेगा। उज्जैन में 10 दिसम्बर को होने वाली ऑफ लाईन परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को एक लाख रूपये, द्वितिय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को इक्कावन हजार रूपये तथा तृतिय स्थान पाने वाले छात्र को इकतीस हजार रूपये का पुरस्कार प्राप्त होगा। यह पुरुस्कार मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री द्वारा दिये जाएंगे। साथ ही उज्जैन दर्शन कराया जाएंगा।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं आज करेंगी धरना प्रदर्शन

**बैतूल, देशबन्धु।** संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के आह्वान पर आज 26 नवंबर को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, आशा-उषा कार्यकर्ता और मध्याह्न भोजन कर्मी केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन कलेक्टर कार्यालय के पास किया जाएगा, जहां प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शनकारी न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने, समान काम-समान वेतन लागू करने, ठेका कर्मचारियों को स्थायी करने, महंगाई पर रोक लगाने और आंगनवाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग करेंगे। आंगनवाड़ी एकता यूनियन की महासचिव पुष्पा वाईकर ने सभी कर्मियों से आंदोलन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## बडोरा में गायत्री परिवार ने किया बाल संस्कारशाला का शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** गायत्री परिवार तहसील समन्वय समिति बैतूल के तत्वावधान में बडोरा में प्रेम नारायण देशमुख के आवास पर रविवार को बाल संस्कारशाला का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में 38 बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला सह समन्वयक रविशंकर पारखे, सुरेश कुमार पांसे, दुर्गादास बरडे, पांडुरंग चिल्हाटे, बबलेश पोटफोड़े, अरुणा देशमुख, संगीता पवार और रेखा नरवरे ने बच्चों को बाल संस्कारशाला के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बाल संस्कारशालाओं के माध्यम से संस्कारवान और चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है। यह संस्कारशाला प्रति रविवार सुबह 10 से 11 बजे तक संचालित की जाएगी।

## दीपक पाल बने राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के जिला सह प्रभारी



**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन ने अधिवक्ता दीपक पाल को बैतूल जिला सह प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी और राष्ट्रीय महामंत्री नवीन चंद्र शुक्ला द्वारा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष (संत प्रकोष्ठ) परम पूज्य संत श्री विष्णु जी, प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री प्रीतम सिंह चौहान और बैतूल जिला अध्यक्ष जगदीश राठौर की अनुशंसा पर की गई। नियुक्ति के बाद संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने दीपक पाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान दीपक पाल ने संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे।

### अजय नागले हत्याकांड का मामला

# आक्रोशित परिजन आधा सैकड़ो लोगों के साथ पहुंचे एसपी कार्यालय

### मुख्य आरोपी अब भी फरार, टीआई पर कार्रवाई की मांग



**बैतूल, देशबन्धु।** अर्जुन नगर निवासी अजय नागले हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय डेहरिया को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मृतक के परिजन और क्षेत्र के लगभग आधा सैकड़ा लोग सोमवार 25 नवंबर को एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए अजय डेहरिया की तत्काल गिरफ्तारी और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों का आरोप है कि मुख्य आरोपी अजय डेहरिया पहले भी गंभीर अपराधों में लिप्त रहा है, और उसकी गिरफ्तारी न होने से परिवार को जान-माल का खतरा है।मृतक के भाई गणेश नागले ने बताया कि उनके भाई अजय उर्फ बिट्टू नागले को 4 नवंबर 2024 की रात 8 बजे लक्की भोजकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद अजय नागले की गुमशुदगी की रिपोर्ट 7 नवंबर को गंज थाने में दर्ज कराई गई। 9 नवंबर को उनका शव हमलापुर माचना नदी के पास मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि अजय डेहरिया और उसके पांच साथियों ने मिलकर यह हत्या की। हत्या के इस मामले में परिजनों ने लकी, शिवम आकाश, विशाल, अजय और निखिल से कड़ी पूछताछ करने की मांग की है। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मुख्य आरोपी अजय डेहरिया अभी तक फरार है। डेहरिया का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी एक ट्रिपल मर्डर केस में आरोपी रह चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खुले में रहने से परिवार को जान का खतरा बना हुआ है।

**पुलिस पर गंभीर आरोप** -गणेश नागले ने टीआई रविकांत डेहरिया पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हमलापुर में हुई 20-25 लाख की चोरी के मामले में पुलिस ने उनके भाई अजय नागले को थाने में पकड़कर बुरी तरह मारा था, जिससे वह बेहोश हो गया था। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया था। परिजनों का आरोप है कि टीआई ने चोरी के आरोपियों को भी बिना उचित कार्रवाई के छोड़ दिया।

**हत्या के कारणों पर पुलिस ने नहीं दी जानकारी** - परिजनों का कहना है कि पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि हत्या के पीछे का कारण क्या था। ज्ञापन के माध्यम से परिजनों ने अजय डेहरिया की गिरफ्तारी के साथ-साथ टीआई रविकांत डेहरिया के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि टीआई की लापरवाही और बर्बरता के चलते अजय नागले के साथ अन्याय हुआ है।

## बेटी बचाने और पढ़ाने पर आधारित गाना हुआ लॉन्च

- **गाना सुनकर दर्शकों ने की तारीफ, समाज को मिला प्रेरणादायक संदेश**
- **ममता म्यूजिक चैनल पर रिलीज हुआ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ गाना**



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के नवोदित कलाकारों ने समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित एक बेहद सुंदर गाना तैयार किया है। यह गाना रविवार शाम को रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा और लोगों के दिलों को छू गया। इसे ममता म्यूजिक चैनल पर रिलीज किया गया। सिंगर ममता उईके की आवाज और बोल ने गाने को खास बना दिया है। गाने में बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा का संदेश दिया गया है। ममता उईके ने इस गाने को लिखा और गाया है, जबकि संगीत और अभिनय से इसे और अधिक प्रभावशाली बनाया गया है। गाने में जिले के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसका वीडियो और निर्देशन भी दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। गाने ने मनोरंजन के साथ बेटियों के महत्व को लेकर समाज को एक सशक्त संदेश दिया है। इस गाने के वीडियो का निर्माण रोशन सरियाम फिल्म प्रोडक्शन ने किया है। गाने में भारती उईके, शिवम मरकाम, भरत सातपुते, रेखा सातपुते ने अभिनय किया है। गाने के संगीत संयोजन में अखिलेश जैन ने अहम भूमिका निभाई है। वीडियो की ग्राफिक्स और प्रोडक्शन की जिम्मेदारी भी बेहतरीन तरीके से निभाई गई है। गाने के निर्माण और प्रमोशन में कई लोगों ने सहयोग किया। इनमें विशेष रूप से डॉ. राजा धुर्वे, डॉ. कृष्णा मौसिक, शैलेंद्र डोंगरे, राहुल, अखिलेश जैन और रोशन सरियाम का नाम शामिल है। साथ ही, सहयोगी के रूप में पुंकेश भटकरे और अन्य टीम सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गाने का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाज को बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। ममता उईके ने बताया कि इस गाने को बनाने का मकसद समाज में महिलाओं और बेटियों के प्रति हो रहे अपराधों की रोकथाम के लिए एक मजबूत संदेश देना है। गाने के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर इसे लेकर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आने लगीं। दर्शकों ने गाने की विषयवस्तु और ममता उईके की गायन शैली की जमकर तारीफ की।



## स्व.विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 29 दिसंबर को

### 1.80 लाख रुपये इनाम राशि के साथ दिलबहार चौक पर होगा आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा स्व.विजय कुमार खंडेलवाल बाबूजी की स्मृति में राज्य स्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 29 दिसंबर रविवार को दिलबहार चौक गंज, बैतूल में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में 1.80 लाख रुपये की कुल इनाम राशि निर्धारित की गई है। 25 नवंबर को आयोजित बैठक में बताया गया कि इस प्रतियोगिता में राज्यभर से लगभग 300 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। खिलाड़ियों और निर्णायकों के रहने, खाने और नाश्ते की समुचित व्यवस्था की जिम्मेदारी संगठन के पदाधिकारियों को सौंपी गई है। इस कार्यक्रम में स्टेट बॉडीबिल्डिंग संगठन, उज्जैन से 20 जजों को आमंत्रित किया गया है। उनके ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं का जिम्मा भी समिति के सदस्यों को दिया गया है। इस आयोजन के संबंध में 24 नवंबर को बैतूल जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष रंजीत शिवहरे ने सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में संगठन के अध्यक्ष रंजीत शिवहरे के साथ-साथ संरक्षक प्रमोद अग्रवाल, अरुण किलेदार, वीरेंद्र अग्निहोत्री, और विशाल भद्रे उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के उपाध्यक्षों में विवेक मालवीय, बिट्टू बोथरा, धीरज हिरानी, रजनीश जैन, राजू अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राकेश शर्मा, और विक्की मिश्रा ने अपनी जिम्मेदारियां लीं। सचिव उमाकांत मालवीय और जितेंद्र मालवीय ने प्रतियोगिता की तैयारियों की रूपरेखा साझा की। कोषाध्यक्ष बाबा अविनाश सोनी ने आयोजन के लिए धनराशि का प्रबंधन सुनिश्चित किया। कार्यकारिणी अध्यक्ष रवि लोट, सदस्य शाहिद अहमद, वतन मिश्रा, विजय भोलू देशमुख, और अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में अपने योगदान का संकल्प लिया। बैतूल जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

## छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का अभियान

### बैतूल के कलाकारों के लिए बदनूर आर्ट्स बना उम्मीद का मंच




**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में कला और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इन्हीं छिपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच देने और निखारने के लिए बदनूर आर्ट्स ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह संस्था अज्ञात कलाकारों को पहचान दिलाने के साथ ही उनकी कला को और निखारने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। हाल ही में आयोजित द्वितीय बैतूल ओपन माइक कार्यक्रम ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाया। संस्थापक प्रवीण कुमार, सह-संस्थापक अभिषेक मानकर और गोविंद मालवीय के नेतृत्व में बदनूर आर्ट्स लगातार स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम में कवि, शायर, संगीतकार और कॉमेडियन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विवेक काजले गीतकार, रवि डांगे कवि, दीपक ओंकार शायर, अभिषेक मानकर गीतकार प्रशांत शर्मा वाद्य यंत्र वादक, अद्वित सिंह राजपूत.स्टैंडअप कॉमेडियन, क्रिश.कॉमेडियन, कांची बनकर.शायर, देवेंद्र मालवीय कवि, हरीश वराड़े कवि, राघवेंद्र सिसोदिया कविता और गीतकार गोविंद मालवीय जैसे कलाकारों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बदनूर आर्ट्स का यह प्रयास स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने उन्हें अपनी कला के माध्यम से समाज में एक पहचान दिलाने का अवसर भी देता है।

**छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने की मुहिम** - बदनूर आर्ट्स के संस्थापक प्रवीण कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य जिले में छिपी हुई प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां से वे अपने हुनर को बड़े स्तर पर दिखा सकें। सह-संस्थापक अभिषेक मानकर और गोविंद मालवीय ने बताया कि उनका प्रयास है कि हर कलाकार की कला को सही दिशा मिले।

**लगातार जुड़ रहे नए कलाकार** - बदनूर आर्ट्स का यह मंच जिले के कलाकारों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। लगातार नए कलाकार इस मंच से जुड़ रहे हैं और अपनी कला को बेहतर बना रहे हैं। संस्था की टीम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। संस्था का मानना है कि कला और संस्कृति समाज की पहचान होती है, और इसे बढ़ावा देना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। बदनूर आर्ट्स के इस अभियान ने बैतूल जिले के कलाकारों के लिए उम्मीद की नई किरण जगाई है।

## जनपद पंचायत पर वेतन भुगतान में लापरवाही के आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत दनोरा के पूर्व सचिव देवनाथ वाघमारे पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। देवनाथ वाघमारे ने इस संबंध में जनपद पंचायत बैतूल और जिला पंचायत बैतूल को कई बार पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लगातार वेतन न मिलने से वह मानसिक तनाव झेल रहे हैं। देवनाथ वाघमारे ने बताया कि जिला पंचायत बैतूल के आदेश क्रमांक 3910, दिनांक 20 अगस्त 2024 के तहत वह जनपद पंचायत बैतूल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद, उन्हें 21 अगस्त 2024 से अब तक तीन माह का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। वाघमारे ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है, और वह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण वह इस स्थिति में पहुंचे हैं। देवनाथ वाघमारे ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें कोई शारीरिक या मानसिक क्षति होती है, तो इसके लिए जनपद पंचायत बैतूल और जिला पंचायत पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

## सर्व समाज जनसेवक संगठन का संभागीय सम्मेलन सम्पन्न, पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व

**बैतूल, देशबन्धु।** सर्व समाज जनसेवक राष्टीय संगठन का संभागीय सम्मेलन नर्मदा पुरम में आयोजित किया गया। इस दौरान संभागीय कार्यालय का शुभारंभ राष्टीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्टीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी और संभागीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। सम्मेलन में लोकसभा नर्मदा पुरम और लोकसभा बैतूल के विधानसभा अध्यक्षों को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए।



बैतूल लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष लालसिंह भलावी की अनुशंसा पर विधानसभा अध्यक्षों को मनोनीत किया गया। इनमें मोहन यादव को विधानसभा बैतूल का अध्यक्ष, कन्हैयालाल यादव को विधानसभा आमला का अध्यक्ष, अन्नुलाल वाडिवा को विधानसभा भैंसदेही का अध्यक्ष, हरिचंद परते को विधानसभा मुलताई का अध्यक्ष, हरि किशोर यादव को विधानसभा घोड़ाडोंगरी का अध्यक्ष बनाया गया। अजय पंद्राम को विधानसभा घोड़ाडोंगरी का प्रभारी और लखन भलावी को विधानसभा घोड़ाडोंगरी का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

शिक्षा प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी बैतूल का भी विस्तार किया गया। लोकसभा अध्यक्ष लालसिंह भलावी और शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव की अनुशंसा पर तुलसी राम यादव को कार्यकारी जिलाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार चिल्हाटे को जिला कोषाध्यक्ष, मिट्ठू लाल यादव को जिला सचिव, गोलमन कवड़े को जिला उपाध्यक्ष, रामा घुमारे को जिला उपाध्यक्ष और प्रकाश राठौर को जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को राष्टीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। राष्टीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को संगठन के उद्देश्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने और समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष लालसिंह भलावी, जिला अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ गंगा प्रसाद यादव तुलसी राम यादव, नरेंद्र कुमार चिल्हाटे, मिट्ठू लाल यादव, गोलमन कवड़े, रामा घुमारे, प्रकाश राठौर और राष्टीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी और संभागीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। नवमनोनीत पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के लिए बधाई दी गई।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत कोसमी में हुआ आयुष शिविर का आयोजन

### निशुल्क इलाज से ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**बैतूल, देशबन्धु।** राष्टीय आयुष मिशन के तहत जिला बैतूल के आयुष विभाग ने 25 नवंबर 2024 को महिला आईटीआई कोसमी में एक मेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष और आईएमसी के अध्यक्ष पीयूष तिवारी ने शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्वास्थ्य लाभ मिलने पर खुशी व्यक्त की।

संस्था के प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का परिचय देते हुए आयुष विभाग का धन्यवाद किया। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं को बिना झिझक बताकर शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि शिविर में आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता और उदर रोग जैसे विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया। साथ ही, मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में औषधीय पौधों की जानकारी, योग और ध्यान के महत्व पर चर्चा की गई। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. विजय ताडिलकर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी किसनानी, डॉ. शारदा चौधरी, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका अहिरवार और डॉ. रजनी बरोडे ने अपनी सेवाएं दीं। सीएएमओ डॉ. नैन्सी राठौर और पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहे।

**प्राणायाम से जुड़ने का आग्रह** - डॉ. लक्ष्मी किसनानी ने छात्राओं को व्यायाम, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम से जुड़ने का आग्रह किया। वहीं, डॉ. प्रियंका अहिरवार ने बताया कि होम्योपैथी तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिविर में सतीश श्रीवास्तव, त्रिवेणी कटारे, शशिकला शिंदे, ममता पाठेकर, उर्मिला चढ़ोकर, सविता मसराम, सरजू रहेडवा, रामप्रसाद पवार, दिलीप कुमार सोनी, पुष्पा नागले और विवेक दायमा जैसे प्रमुख लोग मौजूद रहे।।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षण अधिकारी विनीता पाटिल ने किया।

## प्रकृति परीक्षण अभियान का शुभारंभ आज

**बैतूल, देशबन्धु।** आयुष विभाग द्वारा आज 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक जिले के हर घर में जाकर व्यक्तियों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। आयुष विभाग ने सोमवार को इसकी जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार से साझा की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि विभाग द्वारा विकसित ऐप में प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर लोगों को उनकी प्रकृति के अनुसार आहार, व्यायाम, जीवनशैली, और स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य आवश्यक जानकारी दी जाएगी। बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए ऐप के माध्यम से जागरूकता संदेश भी भेजे जाएंगे। डॉ. चौकीकर ने बताया कि यह पहल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रचार और लोगों को स्वस्थ रखने के लिए की गई है। आयुर्वेद के सिद्धांतों पर आधारित इस अभियान में लोगों को उनकी प्रकृति के अनुसार खानपान और विहार के सुझाव दिए जाएंगे, जिससे मौसमी बीमारियों का प्रभाव कम किया जा सके।

## किसानों की समस्या लेकर बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंची जिला पंचायत सदस्य

- **15 दिनों से खेतों में नहीं हुई सिंचाई किसान परेशान**
- **खराब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की**



**बैतूल, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम सेंदूरजना के किसानों की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने 25 नवंबर को मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के रायआमला कार्यालय में किसानों के साथ जाकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को जल्द बदलने की मांग की। किसानों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब है, जिससे खेतों में सिंचाई बंद हो गई है और फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसान कई बार बिजली कंपनी के रायआमला कार्यालय के चक्कर लगा चुके थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने किसानों की बात को मजबूती से रखते हुए रायआमला कार्यालय के सहायक प्रबंधक से मुलाकात की और तुरंत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मुलताई के डीजीएम संजय यादव से भी फोन पर चर्चा की। डीजीएम ने आश्वासन दिया कि खराब ट्रांसफार्मर को अगले दिन तक बदल दिया जाएगा। किसानों ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर के कारण गांव में सिंचाई प्रभावित हो रही है, घरेलू कामों में भी दिक्कत हो रही है। उर्मिला गव्हाड़े ने कहा कि किसानों को उनके अधिकार मिलने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ समाजसेवी रमेश गव्हाड़े, किसान राजकुमार मानकर, प्रकाश दांते, चंद्रभान ठाकरे, एकनाथ गीद, शंकर सोनारे, गणेश मानकर, अरुण मानकर, साहेबराव साबले, सचिन मानकर, जितेंद्र गीद, योगेश मानकर, भूरा धोटे, श्रवण धोटे, रमेश मानकर सहित कई किसान मौजूद थे।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 4.13 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.52 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 2.55 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 2.21 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.82 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.40 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.79 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.74 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 0.73 प्रतिशत |
| मारुति | 0.49 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 79,803 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 95,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.41 | 84.51 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7400-7500 |
| दाल चना | 8400-8500 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10400-10500 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# एसएंडपी ने वित्त वर्ष 26-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले दो वित्त वर्षों के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटा दिया है। इसकी वजह ऊंची ब्याज दर से शहरी मांग में कमी आना है। अमेरिकी चुनाव परिणामों के बाद एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपने आर्थिक पूर्वानुमान को अपडेट करने हुए रेटिंग एजेंसी ने वित्त 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 6.7 फीसदी और वित्त 2026-27 में 6.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह पिछले अनुमानों क्रमशः 6.9 फीसदी और 5 फीसदी से कम है।

एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2027-28 में जीडीपी ग्रोथ रेट 5 फीसदी रहेगी। एसएंडपी ने चीन के लिए 2024 में 4.8 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान बरकरार रखा, लेकिन अगले वर्ष के लिए पूर्वानुमान को पहले के 4.3 फीसदी से घटाकर 4.1 फीसदी कर दिया। 2026 के लिए 4.5 फीसदी के पिछले अनुमान को घटाकर 3.8 प्रतिशत कर दिया।




■ वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.8 फीसदी रहने का लगाया है अनुमान
■ एसएंडपी को वित्त वर्ष 2027-28 में जीडीपी ग्रोथ रेट 5 फीसदी रहने की उम्मीद

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) लुइस कुइज ने कहा कि बढ़ते जोखिम 2025 की पहली तिमाही में एशिया-प्रशांत के लिए इकोनॉमिक आउटलुक को कमजोर कर रहे हैं। जबकि इस क्षेत्र के ज्यादातर देश मजबूत ग्रोथ बनाए रखने में सक्षम हैं।

### आने वाले महीनों में घटेगी महंगाई : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत में आने वाले समय में खाद्य महंगाई दर में कमी आ सकती है और साथ ही आर्थिक विकास दर में तेजी देखने को मिल सकती है। इसकी वजह अच्छे मानसून और न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के कारण कृषि क्षेत्र को फायदा होना है। यह जानकारी सोमवार को जारी वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में दी गई। भारत की रिटेल महंगाई दर अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत रही है, जो कि 14 महीनों का सबसे उच्चतम स्तर था। इसकी वजह प्रमुख उत्पादक राज्यों में भारी बारिश से आपूर्ति में व्यवधान के कारण टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों पर दबाव बढ़ना था। रिपोर्ट में कहा गया कि चुनिंदा खाद्य वस्तुओं पर मौजूदा मूल्य दबाव के बाद भी कृषि उत्पादन की अच्छी संभावनाओं ने महंगाई के आउटलुक को नरम बना दिया है। नवंबर की शुरुआत में रुझानों ने प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी का संकेत दिया है। हालांकि, भू-राजनीतिक कारक घरेलू महंगाई दर और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना जारी रख सकते हैं। वैश्विक अस्थिरता के बीच मानसून के महीनों में कुछ समय तक धीमी गति के बाद भारत में आर्थिक गतिविधि के कई हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर में अक्टूबर में सुधार देखने को मिला है। इसमें ग्रामीण और शहरी मांग को दर्शाने वाले इंडिकेटर जैसे परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स और ई-वे बिल शामिल हैं।




## अक्टूबर में प्रमुख बंदरगाहों का कार्गो 3.2 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत सरकार के बंदरगाहों (प्रमुख बंदरगाहों) में अक्टूबर के दौरान कार्गो की आवाजाही सालाना आधार पर कम दर्ज हुई। सरकारी आंकड़ों से इस विचित्र गिरावट की जानकारी मिली है। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों में पोतों की आवाजाही बीते महीने की तुलना में 3.2 प्रतिशत गिरकर 682.2 लाख टन हो गई। लगभग एक चौथाई कार्गो की आवाजाही इन तटीय जहाजरानी से होती है। इन बंदरगाहों पर अक्टूबर में विदेशों से आना वाला कार्गो 5.5 प्रतिशत गिरकर 529 लाख टन हो गया। हालांकि भारत के तटीय समुद्री इलाकों से घरेलू कार्गो 5.3 प्रतिशत बढ़कर 159 लाख टन हो गया।

कुल कार्गो में कच्चे तेल का पांचवां हिस्सा है। कच्चे तेल की आवाजाही 8.8 प्रतिशत गिरकर 129 लाख टन हो गई जबकि सभी पेट्रोलियम उत्पादों की मात्रा में भी गिरावट आई। बंदरगाहों के लिए सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने वाले जिंसों में से एक कोयले के कार्गो में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की गिरावट आई। कोयले की आवाजाही में गिरावट गैर तापीय कोयले के कार्गो में बड़ी गिरावट आने के कारण हुई। अक्टूबर में त्योहारी मौसम के दौरान खपत बढ़ने से आमतौर पर अधिक सामान की आपूर्ति होती है। हालांकि सरकारी बंदरगाहों में कंटेनर की आवक लगभग सपाट थी। इसके विपरीत भारत का वस्तु निर्यात 28 महीने के उच्च स्तर 17 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इसका प्रमुख कारण यह था कि क्रिसमस और नया साल करीब आने के कारण पश्चिम के देशों में इंवेंटरी तेजी से बढ़ना था। हालांकि देश में निजी स्वामित्व वाले बंदरगाहों में कार्गो 5.7 प्रतिशत बढ़कर 642 लाख टन हो गया।



■ कुल कार्गो में पांचवां हिस्सा है कच्चे तेल का

## आर्टिफिशियल व लेबोटरी हीरा को लेकर सीसीपीए ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने साझेदारों से 28 नवम्बर तक हीरे के प्रस्तावित दिशानिर्देशों पर सुझाव मांगे हैं। इस मसौदे में सभी हीरों के लिए स्पष्ट लैबलिंग और प्रमाणीकरण के उपबंध भी शामिल हैं। इन साझेदारों में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग, रत्न और आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद, भारत का हीरा संस्थान, परीक्षण का राष्ट्रीय एक्रीडेशन बोर्ड और कैलिब्रेशन प्रयोगशालाओं सहित अन्य हैं। अधिकारी के अनुसार, 'हमने समग्र दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने से पहले सभी साझेदारों के सुझाव आमंत्रित किए हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 28 नवम्बर है।'



उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (सीपीए), 2019 के तहत नियामकीय संस्था केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) है। यह प्राधिकरण उपभोक्ताओं के अधिकारों के हनन, व्यापार के अनुचित तरीकों, ग्राहकों और आम लोगों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे व भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मुद्दों पर नजर रखता है।

## भारत को प्लास्टिक कचरे से निपटने में मदद करेगी प्लास्टोनिक्स

**टोरंटो**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत को प्लास्टिक कचरे से निपटने में मदद करने के लिए कनाडा स्थित प्लास्टिक रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजीज कंपनी प्लास्टोनिक्स ने सोमवार को बेंगलुरु और न्यूयॉर्क स्थित आईटी सर्विस कंपनी वी टेक्नोलॉजीज के साथ मिलकर काम करने का ऐलान किया है।

दोनों कंपनियां प्लास्टोनिक्स की पेटेंट पेंडिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए भारत में प्लास्टिक वेस्ट रिसाइक्लिंग सिस्टम को विकसित करने के लिए 50:50 संयुक्त उद्यम का प्रयास करेंगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वी टेक्नोलॉजीज अपनी पहली सुविधा के लिए एक साइट का चयन करेगी। अपनी इन-हाउस इंजीनियरिंग टीम का इस्तेमाल करते हुए वह पायलट प्लांट को डिजाइन, निर्माण और इसके मालिकाना उपकरण और विनिर्माण के साथ जोड़ेगी।



■ वी टेक्नोलॉजीज के साथ मिलकर करेगी काम

वी टेक्नोलॉजीज इस सुविधा का इस्तेमाल भारतीय बाजार के लिए प्रौद्योगिकी की व्यावसायिक-स्तरीय प्रभावशीलता को अनुकूलित करने के लिए करेगी। इसके साथ ही प्लास्टोनिक्स के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम को लाभ पहुंचाने के लिए इस जानकारी का भी उपयोग करेगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, देश ने साल 2023 में लगभग 9.46 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न किया है। अनुमान है कि केवल आठ प्रतिशत प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल किया जा रहा है।

प्लास्टोनिक्स के सीईओ रोलैंड कीलबासिविक्ज ने कहा कि इंजीनियरिंग की अपनी महत्वपूर्ण ताकत के साथ वी टेक्नोलॉजी प्लास्टोनिक्स के लिए बेहद ही उपयुक्त है।

### सार संक्षेप

#### जल्द शुरू होगी भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन जनवरी की शुरुआत में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर बातचीत शुरू कर सकते हैं। मगर श्रम, पर्यावरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आम सहमति बनाना अभी भी मुश्किल दिख रहा है। इस मामले से अवगत लोगों ने कहा कि एफटीए वार्ता पहले हुई प्रगति से आगे चर्चा शुरू करेगी, मगर यह जरूरी नहीं है कि ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने जिन मुद्दों पर सहमति जताई थी, वे सभी उसमें शामिल हों। उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार एफटीए वार्ता में श्रम, पर्यावरण पर प्रतिबद्धता आदि आधुनिक व्यापार मुद्दों की अपेक्षा करेगी। हालांकि भारत श्रम एवं पर्यावरण के मोर्चे पर बिना किसी बाध्यकारी प्रतिबद्धता के 'सर्वोत्तम प्रयास' जोर देता रहा है। इसी प्रकार किअर स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई सरकार भी कार्बन बॉर्डर टैक्स लागू करने के पक्ष में है, लेकिन भारत उसका जोरदार विरोध कर रहा है।

#### एचयूएल का आइसक्रीम कंपनी के रूप में होगा लिस्ट

**नई दिल्ली** । दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने सोमवार को बताया कि उसके बोर्ड ने अपने आइसक्रीम बिजनेस को एक स्वतंत्र लिस्टेड कंपनी में बदलने की मंजूरी दे दी है। एचयूएल की यह बोर्ड बैठक आज यानी 25 नवम्बर, 2024 को आयोजित हुई थी। एचयूएल के आइसक्रीम कारोबार में क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेटो और मैग्नम जैसे ब्रांड शामिल हैं। कंपनी ने एक एकस्चेंज फाइलिंग में कहा कि आइसक्रीम बिजनेस को अलग करने का निर्णय शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। विभाजन की योजना को अगले वर्ष की शुरुआत में बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। बोर्ड ने आइसक्रीम बिजनेस को अलग करने के विभिन्न तरीकों पर विचार किया और सभी शेयरधारकों के लिए अधिकतम मूल्य सुनिश्चित करने के उद् देश्य से उचित विचार-विमर्श के बाद बिजनेस को अलग करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है।

#### अडानी मामले से सौर ऊर्जा क्षेत्र में चिंता


**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह अडानी समूह और न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध एज्योर पावर के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए आरोपों के बाद भारतीय सौर ऊर्जा क्षेत्र उसके प्रभाव से निपटने की तैयारी कर रहा है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) द्वारा नीलाम की गई 12 गीगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना अडानी समूह और कई राज्यों के साथ इस विवाद के बीच में है। एक ऊर्जा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरे उद्योग को सदमा लगा है और वहां अविश्वास दिख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में इस घटनाक्रम के अलावा अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में डॉनल्ड ट्रंप की जीत भी भारत में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की रफ्तार और वित्तीय लागत को भी प्रभावित कर सकती है।

# चौतरफा लिवाली की बदौलत झूमा बाजार

**मुंबई**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन झूम उठा।

■ सेंसेक्स 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,109.85 अंक पर
■ निफ्टी 1.32 प्रतिशत मजबूत होकर 24,221.90 अंक पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 992.74 अंक अर्थात 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ ढाई सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,109.85 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 314.65 अंक यानी 1.32 प्रतिशत मजबूत होकर 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 24,221.90 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,753.55 अंक और स्मॉलकैप 1.86 प्रतिशत चढ़कर 53,589.30 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2699 में तेजी जबकि 1350 में गिरावट रही वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य सात में बिकवाली हुई।




बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे इंडस्ट्रियल्स 3.29, कैपिटल गुड्स 3.27, तेल एवं गैस 3.26, कमोडिटीज 0.97, सीडी 1.05, ऊर्जा 2.56, एफएमसीजी 1.00, वित्तीय सेवाएं 1.89, हेल्थकेयर 0.97, आईटी 0.66, दूरसंचार 1.52, ऑटो 0.81, बैंकिंग 2.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, पावर 1.04, रियल्टी 2.22, टेक 0.55, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत उछाल गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिश्रित रुझान रहा। इससे ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.44 और जापान का निक्केई 1.30 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.41 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 1076 अंक की तूफानी तेजी के साथ 80,193.47 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,473.08 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,117.11 अंक के मुकाबले 1.25 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 4.13, एसबीआई 3.52, अडानी पोर्ट्स 2.55, एचडीएफ़सी बैंक 2.21, आईसीआईसीआई बैंक 1.82, पावरग्रिड 1.74, रिलायंस 1.73, टीसीएस 1.63, एक्सिस बैंक 1.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.06, एनटीपीसी 0.81, टाटा मोटर्स 0.70, टाटा स्टील 0.56, नेस्ले इंडिया 0.56, सन फार्मा 0.38 और बजाज फिनसर्व 0.23 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.40, टेक महिंद्रा 0.79, एशियन पेंट 0.74, इंफ़ोसिस 0.73, मारुति 0.49 और एचसीएल टेक के शेयर 0.37 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## मेकमाईट्रिप ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेश किया बहु-मुद्रा भुगतान विकल्प

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑनलाइन यात्रा सेवा देने वाली कंपनी मेकमाईट्रिप (एमएमटी) ने बहु-मुद्रा भुगतान विकल्प की पेशकाश की है, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी पसंद की मुद्रा में उड़ानें और होटल बुक करना आसान हो जाएगा। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि बहु-मुद्रा सुविधा के लॉन्च से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को कंपनी के व्यापक नेटवर्क से सीधे जुड़ने में मदद मिलेगी। एमएमटी ने हाल ही में जीडीपीआर के साथ अपने अनुपालन की भी घोषणा की, जिससे 150 से अधिक देशों से एमएमटी प्लेटफॉर्म तक पहुंच संभव हो गई। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजेश मागो ने कहा कि यात्रा तेजी से सीमाहीन होती जा रही है और यह कदम वैश्विक यात्रियों के लिए हमारे साथ सहजता से जुड़ना आसान बनाता है। यह सुविधा दुनिया भर में फैले भारतीय प्रवासियों के साथ-साथ हमारे अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए उनकी पसंद की मुद्रा में भुगतान को आसान बनाती है। कंपनी ने कहा कि नई बहु-मुद्रा सुविधा बहरीनी दीनार, ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग, कनाडाई डॉलर, डेनिश क्रोन, ईयू यूरो, हांगकांग डॉलर, भारतीय रुपया, जापानी येन, कुवैती दीनार, न्यूजीलैंड डॉलर, कतरी रियाल, रूसी रूबल, सऊदी रियाल, सिंगापुर डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड, दक्षिण कोरियाई वोन, थाई बाट, यूएई दिरहम और यूएस डॉलर सहित प्रमुख वैश्विक मुद्राओं में भुगतान की अनुमति देती है।

# खाद्य तेलों में टिकाव अधिकांश दालें सस्ती

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसम्बर का पाम ऑयल वायदा 38 रिंगिट चढ़कर 4828 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 सेंट की तेजी के साथ 42.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और मसूर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

# भारत की आर्थिक विकास दर 2025 की तीसरी तिमाही में पकड़ेगी रफ्तार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2024) की तुलना में तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर 2024) में तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। इसकी वजह आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के सकारात्मक संकेत मिलना है। आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि नवम्बर के प्राथमिक डेटा से सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। बिजली की मांग में वृद्धि देखने को मिली है। वहीं, फेस्टिव सीजन में मांग बढ़ने के कारण वाहनों के पंजीकरण में भी इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इन ट्रेंड्स को देखकर आईसीआरए को लगता है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही से अधिक रहेगी।

आईसीआरए की रिपोर्ट के मुताबिक, मोबिलिटी और ट्रांसपोर्ट के आर्थिक संकेतकों में काफी बढ़त देखने को मिली है। अक्टूबर 2024 में वाहन पंजीकरण में सालाना आधार पर 32.4 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। यह सितंबर 2024 में हुई 8.7 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले काफी सकारात्मक है।



■ त्योहारी मौसम में मांग बढ़ने से वाहनों के पंजीकरण में भी हुआ इजाफा

इसके अलावा दोपहिया वाहनों का उत्पादन 13.4 प्रतिशत बढ़ा है। रेल माल ढुलाई में 1.5 प्रतिशत का सुधार हुआ है। वहीं, डीजल खपत में मामूली 0.1 प्रतिशत की बढ़त हुई है। सितंबर में डीजल की खपत में 1.9 प्रतिशत की गिरावट हुई थी।

### 2025 में ज्यादातर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों की मजबूत रहेगी विकास दर

**नई दिल्ली।** ज्यादातर एशिया-प्रशांत देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर 2025 की पहली तिमाही में मजबूत रहेगी। हालांकि, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के कारण चीनी अर्थव्यवस्था के समाने चुनौतियां बरकरार रहेगी। यह जानकारी सोमवार को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि चीनी निर्यात पर उच्च अमेरिकी टैरिफ अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका में अधिक प्रतिस्पर्धी बना देगा और वे अमेरिकी कंपनियों सहित अन्य देशों की कंपनियों से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित कर सकते हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।